


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

खबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 288 | रांची, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com



## चतरा में नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूबीं, दो की मौत

**चतरा।** रामनवमी के दिन बुधवार को चतरा जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूब गईं, जिसमें दो की मौत हो गई जबकि तीन को बचा लिया गया।

पुलिस के अनुसार सिंचाई के लिए नदी में गड्ढा खोदा गया था। उसी गड्ढे में हंटरगंज प्रखंड के डाहा गांव की रहने वाली पांच बच्चियां स्नान करने के लिए उतर गईं और डूबने लगीं। तीन बच्चियों को तो बचा लिया गया लेकिन दो की मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान शिवानी कुमारी (10) और देवंती कुमारी (6) के रूप में हुई है।

## आतंकवादियों की योजना विफल, पुंछ से बरामद तीन आईईडी नष्ट की गईं

**पुंछ।** पुंछ में एक आतंकी ठिकाने से सुरक्षाबलों को तीन रेडी-टू-यूज इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की गई, जिनमें से प्रत्येक का वजन तीन से 20 किलोग्राम के बीच था। बम निरोधक दस्ते ने तीनों आईईडी को नष्ट कर दिया।

सैन्य अधिकारी ने कहा कि पुंछ जिले के सनाई-गुरसाई के वन क्षेत्र में पुलिस, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त जवानों के तलाशी अभियान के दौरान पांच किलोग्राम, 10 किलोग्राम और 20 किलोग्राम की क्षमता वाले स्टील के कंटेनरों के अंदर रखी गई आईईडी बरामद हुई, जिसे एक गुफा के अंदर छिपाकर रखा गया था। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते ने बाद में तीनों आईईडी को नष्ट कर दिया, जिससे केंद्र शासित प्रदेश में विस्फोट करने की आतंकवादियों की योजना विफल हो गई।

## प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में किया रोड शो



**सहारनपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को सहारनपुर जिले में रोड शो कर गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन ने इमरान मसूद को चुनाव मैदान में उतारा है।

अमन पैलेस से चिलकाना रोड तक निकाले गए रोड शो में मुस्लिम वर्ग के लोगों की संख्या ज्यादा रही। सहारनपुर से बसपा के माजिद अली चुनाव मैदान में हैं। इस दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने इसके लिए कुछ नहीं किया।

## रामनवमी पर राममय हुई रांची, तपोवन मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, शोभायात्रा में दिखा उल्लास

रांची। रामनवमी को लेकर राजधानी रांची बुधवार को पूरी तरह राममय हो गयी। शहर भगवा झंडे से सजा हुआ है। रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गईं। हाथों में बजरंगी झंडा और सिर पर रामनामी लिये भक्तों की भीड़ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घंटों लाइन में खड़ी दिखी। इन सबके बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।



तपोवन मंदिर के बारे में मान्यता है कि रामनवमी के अवसर पर यहां ध्वज पूजन के बाद घर पर ध्वज फहराने से परिवार में सुख-समृद्धि के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा भी आती है, यही कारण है कि यह लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है। इस मौके पर कई श्रद्धालु इस मंदिर में तलवार की पूजा भी करते हैं। इधर, श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति, चुटिया राम मंदिर सहित दूसरी पूजा समितियों की भी शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गयी। श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति की यह यात्रा मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई। शोभा यात्रा दिन के तीन बजे तीन जगह से प्रारंभ हुई। सबसे पहले यह घाघरा से प्रारंभ हुई जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए लोहरा कोच होते हुए शांति रानी स्कूल, विद्युत बोर्ड कॉलोनी, 56 साइड बीएमपी होते हुए तुलसी चौक पहुंची। दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला, पत्थर रोड होते हुए जोधा मंदिर, काली मंदिर के पास भवानीपुर का मिलन हुआ। वहां से बीएनएस क्लब कन्या पाठशाला, रविदास मोहल्ला होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद बेलदार मोहल्ला का मिलन हुआ।

तीसरी यात्रा एजी कॉलोनी से निकाली गई, जो जेएमजे, मुंशी मोहल्ला होते हुए एजी मोड़ से मिसकोट मैदान, झंडा चौक बाजार मोहल्ला को लेते हुए मस्जिद रोड से यूनिस चौक पहुंची, जहां पर बेलदार मोहल्ला को लेते हुए जैन मंदिर, तुलसी चौक की ओर गयी. फिर घाघरा शोभा यात्रा का मिलन हुआ। फिर तपोवन मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के पश्चात सभी अखाड़े धारी अपने-अपने विभिन्न परंपरागत मार्गों से होते हुए वापस अपने अखाड़ा की ओर चले गए। शोभा यात्रा में बजरंगबली के जयकारों के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया गया। हजारीबाग और झालदा, धनबाद बोकारो से आए ताशा पार्टी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा में सुंदर झांकी की प्रस्तुति की गई।

डोरंडा मिस कोट मैदान द्वारा आकर्षक लाइट लगाई गईं। डोरंडा के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया था। शोभा यात्रा में राम भक्त अस्त्र का प्रदर्शन करते हुए बजरंगबली के जयकारों के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। महाअष्टमी झांकी प्रतियोगिता में श्री महावीर मंडल कुसाई को बंपर पुरस्कार, श्री महावीर मंडल, कुम्हार टोली को प्रथम पुरस्कार, श्री महावीर मंडल, रविदास मोहल्ला को द्वितीय पुरस्कार, श्री महावीर मंडल आदिवासी अखाड़ा मनी टोला को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस शोभा यात्रा में मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता, मनोज वर्मा, सुरेश प्रसाद सहित अन्य भी शामिल थे। चुटिया के ऐतिहासिक राम मंदिर में चैती दुर्गा पूजा के लिए हवन, पूणार्हुति भी हुई। दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया गया। फिर सामूहिक भंडारे का भी आयोजन हुआ। मंदिर प्रबंधन समिति के प्रमुख सदस्य विजय साहू के मुताबिक, राम मंदिर से हर बार की तरह शोभा यात्रा बहु बाजार, महावीर मंदिर होते तपोवन मंदिर तक जाती रही है। फिर यह वापस चुटिया लौट आयी।

## राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का हुआ पहला सूर्य तिलक

**अयोध्या।** देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है।



बुधवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 3 मिनट तक सूर्य की किरणें पड़ीं। इस दृश्य को देखकर वहां उपस्थित श्रद्धालु अभिभूत हुए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फुट लंबा सिस्टम तैयार किया गया है। इसमें चार लेंस और चार मिरर लगे हैं। इसके माध्यम से सूर्य की किरणें परावर्तित होकर रामलला के मस्तक पर पहुंचीं। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला के पट बंद कर दिए गए।

सामान्य दिनों में मंदिर के कपाट सुबह 6.30 बजे खुलते हैं, लेकिन रामनवमी के अवसर पर भोर में 3.30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे। शयन आरती के बाद मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। रामलला के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्त अयोध्या पहुंचे हुए हैं। इस दौरान राममंदिर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र समेत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा कि सूर्यकुल भूषण श्रीरामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य 'सूर्य तिलक' आज अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहा है। जय जय श्री राम!

## पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर का राजद से इस्तीफा

पलामू, एजेंसी

### राजद अब ए टू जेट की पार्टी नहीं : राधाकृष्ण किशोर

छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही अपने इस्तीफे की कॉपी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को प्रेषित कर दिया है। किशोर के साथ राजद के प्रदेश महासचिव प्रशांत किशोर एवं सचिव राजकमल तिवारी ने भी इस्तीफा दे दिया है।

राधाकृष्ण किशोर मेदिनीनगर में दर्जनों कार्यकताओं के साथ बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने इस्तीफा देने की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद अब एटूजेड और विकास के लिए सामाजिक भाईचारा की पार्टी नहीं रह गयी है। पलामू लोकसभा के संयोजक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष



गौतम सागर राणा द्वारा समाज को बांटने वाले दिए गए बयान पर भी किशोर आहत दिखे। साथ ही एटूजेड पार्टी बनाने में तेजस्वी यादव के असफल रहने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि फिलहाल वे किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव में वैसे व्यक्ति के लिए काम करेंगे जो पलामू-गढवा के विकास के लिए काम कर रहे हैं। साथ ही जिसकी जीत से राष्ट्रीय एकता अखंडता मजबूत हो वैसे उम्मीदवार को सपोर्ट करेंगे।

किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने यह नारा दिया था कि हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गों (एटूजेड) की पार्टी है, परंतु दूसरी ओर पलामू लोकसभा के चुनावी अभियान को शुरू करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा ने एक इलेक्ट्रोनिक मीडिया को दिए गए बयान में यह कहा है कि मोदी चुनाव जीतते हैं तो देश ब्रह्मणवाद की ओर मुड़ जायेगा। लोकसभा चुनाव के अवसर पर गौतम सागर राणा के बयान स्पष्ट है कि राजद एटूजेड की पार्टी नहीं है। यह स्थापित सत्य है कि किसी भी राजनैतिक संगठन के लिए विश्वास एक बड़ी पूंजी है। यदि पार्टी से कार्यकताओं और जनता का विश्वास उठ जाए तो फिर वैसे राजनैतिक दल स्वयं को जनता के बीच स्थापित नहीं कर सकता है। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले झारखंड के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता गिरिनाथ सिंह को बड़े ही ताम-झाम के साथ राजद में शामिल कराया गया था। गिरिनाथ सिंह चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ना चाहते थे।

## लोक सभा चुनावः पहले चरण के मतदान में दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटों पर रहेगी सबकी नजर

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होगा। पहले चरण में करीब दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटें और कई खास उम्मीदवार ऐसे हैं, जो चर्चा में तो रहे ही हैं, किसी न किसी मायने में अहम हैं। ऐसे में इन सीटों और उम्मीदवारों पर सबकी नजर रहेगी। इनमें आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल शामिल हैं, जो 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर लोकसभा सीटें अहम हैं तो असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया, जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट भी काफी महत्वपूर्ण है।

इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट हैं। ऐसे में सभी की निगाहें इन सीटों पर रहेगी। 18 वीं लोकसभा के इस चुनाव में इस बार केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। इसी तरह से दो बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

तीन बार के सांसद रहे 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने अबकी चौथी बार अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

## झामुमो नेता अंतू तिर्की, बिपिन सिंह, मो. इरसाद और प्रियरंजन सहाय न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन की फर्जीवाड़ा मामले में मंगलवार को ईडी की छापेमारी के बाद गिरफ्तार किए गए झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरसाद और प्रियरंजन सहाय को ईडी की विशेष न्यायाधीश के समक्ष उनके मोरहाबादी स्थित आवास में बुधवार को पेश किया गया। इसके बाद चारों आरोपितों को ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया।

इससे पूर्व ईडी ने इनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। रिमांड पर लिये गए फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम हुसैन से पूछताछ के आधार पर ईडी ने बीते मंगलवार को झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह सहित चार ठिकानों पर छापेमारी की थी।

मोहम्मद सद्दाम हुसैन और अफसर अली अभी ईडी की रिमांड पर हैं। ईडी ने इन्हें 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद सहित पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है। अबतक आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

## गोड्डा में पार पहुंचा 42 डिग्री, कई जिलों में हीट वेव का कहर

**रांची।** इन दिनों झारखंड राज्य तेज गर्मी की चपेट में है। राज्य का सबसे गर्म गोड्डा जिला है। यहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है।

यहां सुबह नौ बजे से ही तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी हो जा रही है। यहां का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। सूर्य की किरणे झुलसा रही हैं। दोपहर में गर्म हवा का असर होने लगा है। चिलचिलाती धूप में लोग परेशान हैं। दोपहर के समय लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। हालांकि इस बीच राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तपती धूप से तापमान में बढ़ोतरी होने साथ ही गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 21 और 22 अप्रैल को आंशिक बादल छा सकते हैं। राज्य के मध्य और दक्षिणी क्षेत्र में गर्मी का कहर दूसरे हिस्सों के मुकाबले थोड़ा अधिक है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रह सकता है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और तीन डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। साथ ही, कई जिलों में हीटवेव की आशंका है, जिसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। कोशिश करें कि भूलकर भी दोपहर 12 से 2 बजे के बीच बाहर न निकलें। सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें। मौसम विभाग के अनुसार सरायकेला खरसावां, पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ दुमका, देवघर, धनबाद व चतरा आदि जिलों में लोगों को गर्मी से बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## लोकसभा चुनाव : कोडरमा में भाजपा ने सात बार हासिल की है जीत




**कोडरमा।** कोडरमा संसदीय क्षेत्र साल 1977 में अस्तित्व में आया था। उस समय से कई बार लोकसभा चुनाव हुए पर इसमें सबसे अधिक भाजपा ने यहां से सात बार जीत हासिल की है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए कोडरमा परंपरागत सीट रही है।

कोडरमा से भाजपा के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा 4 बार और भारतीय लोक दल से एक बार, इसी पार्टी से बाबूलाल मरांडी एक बार, रविंद्र राय एक बार और अन्नपूर्णा देवी एक बार सांसद के रूप में चुने गए। कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने दो बार और जनता दल से मुमताज अंसारी ने एक बार जीत हासिल की।

भाजपा से अलग होने के बाद बतौर निर्दलीय बाबूलाल मरांडी ने एक उपचुनाव और झारखंड विकास मोर्चा से एक बार जीत हासिल की है। सन 1977 में लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा, वर्ष 1980 में पुनः भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1984 में कांग्रेस पार्टी से तिलकधारी सिंह, 1989 में भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1991 में जनता दल से मुमताज अंसारी, 1996 में भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1998 में भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा और 1999 में कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने जीत हासिल की।

2004 में हुए चुनाव में भाजपा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद चुने गए परंतु 2006 में उन्होंने भाजपा को छोड़ दिया और उपचुनाव में बतौर निर्दलीय सांसद चुने गए। उसके बाद 2009 में हुए चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद बने। 2014 में बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा से चुनाव नहीं लड़ा और तब भाजपा से डॉ रविन्द्र कुमार राय सांसद के रूप में चुने गए।

## थम गया पहले चरण का चुनाव प्रचार, कल होगा मतदान

नई दिल्ली, उज्ज्वल दुनिया सं

लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बुधवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। इन सभी लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।

आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं का भाग्य पहले चरण के मतदान के बाद वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा और 4 जून को नतीजे आयेंगे। हालांकि सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के नतीजे 2 जून को ही आ जायेंगे।

पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश छह सीट, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो सीट, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।

पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर, छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया तथा जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट काफी महत्वपूर्ण है। इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट है। इन सीटों पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

इसी चरण में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चाह में हैं। दो बार के सांसद और केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने 2004 से तीन बार अरुणाचल पश्चिम सीट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। केन्द्रीय मंत्री एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री सबानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

जाट बहुल सीट मुजफ्फरनगर से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान फिर चुनावी मैदान में हैं। अलवर से केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। बीकानेर से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट से केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन चुनाव मैदान में हैं। मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। तेज तर्रार नेता की छवि बनाए तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई कोयंबटूर से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम फिर से चुनाव मैदान में हैं। उनके पिता और कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे चिदंबरम यहां से सात बार जीते हैं। तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देकर राजनीति में लौटी तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण से चुनाव लड़ रही हैं।

असम के कलियाबोर से 2014 और 2019 में जीते कांग्रेस के युवा नेता गौरव गोगोई अबकी जोरहाट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। मणिपुर के कानून और शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर से भाजपा के उम्मीदवार हैं। उत्तरी राजस्थान में भाजपा के गढ़ चूरू से दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया पहली बार चुनावी मैदान में हैं। कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।



# सिरका परियोजना के खुली खदान में ओबी लेकर हॉलपैक पलटा, ऑपरेटर घायल

## घटना के बाद खदान क्षेत्र में मचा हड़कंप, पीओ, मैनेजर, सुरक्षा अधिकारियों का दल मौके पर पहुंचा

उज्ज्वल दुनिया संवाददात

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना खुली खदान में बुधवार संध्या करीब चार बजे कोयला डिपो के समीप हॉलरोड मो? पर ओबी ले जा रहा होलपैक(डंपर)न. बीमल 60404 एकाएक पलट गया। चालक ऑपरेटर ईश्वर तुरी ने हॉल पैक से कुदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने के बाद ऑपरेटर को चिकित्सा के लिए सीसीएल नईसराय अस्पताल ले जाया गया। जहां ईलाज जारी है। जबकि प्रबंधन को सूचना मिलते ही सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, मैनेजर रमेश कुमार,



सुरक्षा पदाधिकारी एसके तिवारी समेत कई अधिकारी माईनिंग कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच गए। साथ ही छोटे ग्रेडर और किराण के सहारे हॉलपैक(डंपर) को सीधा करने का कार्य किया जाने लगा। काफी मशक्कत के बाद बुधवार संध्या करीब 6 बजे होलपैक सीधा हो पाया। जानकारी के मुताबिक हॉल पैक संख्या बीमल 60404 बीते तीन दिन पहले ऑपरेटर सुशील पंडित के द्वारा चलाए जा रहा था। लेकिन कोयला डिपो के समीप ओबी डंप करने के बाद जैसे ही हॉलपैक हॉल रोड से नीचे जाने लगा। अचानक मोड़ के पास चारों चक्का होलपैक से अलग होकर खदान सड़क पर रुक गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दूसरी ओर जर्जर असुरक्षित हॉलपैक मशीन को प्रबंधन द्वारा बनवाने के बाद 17 अप्रैल को द्वितीय पाली में उत्पादन कार्य में लगाया गया। लेकिन पहले ट्रिप में ही हॉलपैक ने कोयला डिपो के समीप पलट गया। समाचार लिखे जाने प्रबंधन हॉलपैक उठाकर लीपापोती में लग गया है। कईयो को घटना स्थल पर जाने से रोका भी जा रहा है। वही ऑपरेटर ईश्वर तुरी की चिकित्सा नईसराय में चल रही है।हादसे के बाद से स्थानीय सिरका प्रबंधन के हाथ पांव फूलने लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि भारी हॉलपैक जैसे मशीनों के कलपुर्जो में गड़बड़ी व जुगाड़ू तरीके से बनाकर उत्पादन कार्य में भारी मशीनों को लगाया जाता है। जिससे आए दिन छोटी-बड़ी घटनाएं होती रहती है। जबकि कामगारों की जान पर भी आफत्त बनी रहती है। सूचना मिलने के बाद बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू) के सिरका सचिव शत्रुधन बेदिया सिरका कोयला डंपिंग घटनास्थल पर पहुंचे, उन्होंने प्रबंधन की लापरवाह व्यवस्था और खराब कलपुर्जों के सहारे भारी मशीनों को बनाने की बातें कही. ।

## लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा यह पियाऊ : डॉ. राजेंद्र महतो

**भुरकुंडा (रामगढ)।** भीषण गर्मी को देखते हुए गरीब समाजसेवी संघ के सौजन्य से बुधवार को भुरकुंडा एयर टेल टॉवर ट्रेकर स्टैंड के समीप पनशाला का शुभारंभ किया गया है। पनशाला का उद्घाटन राज नर्सिंग होम व उत्सव मैरेज हॉल के प्रोपराइटर डॉ राजेन्द्र महतो और अशोक चौहान आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर डॉ. राजेंद्र महतो ने कहा कि इस पनशाला के खुल जाने से ट्रेकर स्टैंड के लोगों सहित राहगीरों व आमजनो को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पडेगा। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए यह पनशाला लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। अशोक चौहान ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बडा ही पूण्य का कार्य होता है। इस पनशाला में लोगों को घडा का शुद्ध व ठंडा पेयजल मिलेगा। मौके पर डॉ. राजेन्द्र महतो, अशोक चौहान, जगतार सिंह ।

## एक-नजर

### माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न हों गई। भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में बासंती नवरात्रा बीते 9 अप्रैल को कलश स्थापना से शुरू हुआ था। जो बुधवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। जो शाम तक चलता रहा। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह के समीप बाइक सवार ने पैदल चल रही महिला को मारी टक्कर, तीन लोग हुए घायल

**गुमला :** गुमला छत्तीसगढ़ नेशनल हाईवे रोड स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह के समीप बाइक सवार कटकाही तेंदार टोली चैनपुर निवासी थादुयस मिंज ने पैदल चल रही महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में महिला को गंभीर चोट लगी और वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई। वहीं बाइक चालक और बाइक के पीछे बैठे आकाशी चैनपुर निवासी आनंद कुजूर घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक दोनों व्यक्ति गुमला से वापस चैनपुर लौट रहे थे थादुयस लोटा पानी में चक्रधरपुर गया था। कार्यक्रम में रात्रि जागरण के कारण ठीक से सो नहीं पाया वहीं अपने एक मित्र के साथ गुमला से अपने गांव जा रहा था तभी उसे आंख लग गई और सड़क किनारे पैदल चल रही शाही टोली रायडीह निवासी महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। वहीं तीनों घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में प्राथमिक उपचार के बाद को सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में उपचार के दौरान महिला को होश नहीं आया है। जबकि बाइक चालक को सर चेहरा हाथ पैर सहित शरीर के काई हिस्से में काफी चोट लगी है। जबकि बाइक में पीछे बैठे आनंद को हल्की चोट लगी।

### कलवर्ट में बैठे किशोर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, तीन घायल एक रिम्स रेफर



**गुमला :** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हाई स्कूल रायडीह के समीप सामने बाइक खड़ी कर कलवर्ट पर बैठे सालकाया निवासी 15 वर्षीय गौतम राम पिता रमना राम को बाइक सवार करंज निवासी 20 वर्षीय अरुण मुंडा ने जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में गौतम का बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर में गौतम को गंभीर चोट लगी वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। जानकारी के मुताबिक गौतम व उसका दोस्त सलकाया निवासी 16 वर्षीय हषिकेश गोसाई पिता शिव शंकर दास गोसाई कलवर्ट पर बैठकर कुरकुरे खा रहे थे। वही हर्षिकेश कुछ दूरी पर बैठा था। जबकि गौतम बाइक के सामने ही बैठा था। तभी करंज थाना निवासी 20 वर्षीय अरुण मुंडा पिता मनोज मुंडा अपने दोस्त रोहित सोरेन पिता मरमोद सोरेन अपने भाई का शादी का निमंत्रित कार्ड देने विजय टांड रायडीह गया था वही वापसी के क्रम में तेज गति से बाइक चलाते हुए लौट रहे थे। घटना के बाद गौतम और अरुण बेहोश हो गए। घटना में रोहित को भी चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से गौतम अरुण और रोहित को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में उपचार के बाद सदर अस्पताल लाया गया। जहां गौतम राम की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। मंगलवार की रात 10ः00 बजे एंबुलेंस से परिजन उसे रिम्स ले गए।

### श्री श्री रामनवमी पूजा समिति कसिया टोला,बलसगरा द्वारा रामनवमी पर निकाला गया भव्य जुलुस



**गिद्दी।** श्री श्री रामनवमी पूजा समिति कसिया टोला,बलसगरा द्वारा रामनवमी पर भव्य जुलुस निकाला गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा राम- सीता,लक्ष्मण और बजरंगबली का प्रतिरुप धारण कर कई आकर्षक झांकी निकाले गए। जय सियाराम जय श्री राम के नारे से पूरा ग्रामीण क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। जुलुस का नेतृत्व सर्वेश कुमार सिंह जीप सदस्य डाडी भाग एक के द्वारा किया गया।इस मौके पर भक्तो ने लाठी डंडे और तलवार से कई हैरतअंगेज करतब दिखाए गए।इस मौके पर बसंत प्रजापति,अवधेश प्रजापति,समिति अध्यक्ष भुनेश्वर प्रजापति,सचिव प्रमोद कुमार,कोषाध्यक्ष सतीश प्रजापति,नागेश्वर ,विशेश्वर प्रजापति,विजय प्रजापति,अरुण प्रजापति,केदार प्रजापति,ईश्वर प्रजापति, केदार प्रजापति, जयनंदन,धानेश्वर प्रजापति ,जगरनाथ प्रजापति आदि उपस्थित थे।..

### अरगड्डा में राम सीता हनुमान के भेष में बच्चों ने देवी देवताओं के करवाए दर्शन

**गिद्दी।** कोयलांचल के दर्जनों अखाड़े के द्वारा बुधवार रामनवमी की झांकी मुख्य मार्ग से होकर प्रभु श्री राम, हनुमान के जयकारों के साथ निकाला गया। बच्चों ने प्रभु श्री राम, माता सीता, हनुमान रावण के भेष धारण कर राम युग के दृश्य को प्रदर्शित किया। बच्चों के वेष में लोगों ने देवी देवताओं के दर्शन किए। महिलाओं ने भी हाथों में भगवा झंडा थाम कर पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ महिला सशक्तिकरण और मजबूती का प्रदर्शन किया। रामनवमी जुलूस में विश्वनाथ मंदिर,अरगड्डा चेकपोस्ट, अरगड्डा झोपड़ी से राम लक्ष्मण के भेष में बच्चे शामिल थे।. पुराना शिव मंदिर बाजार, बेरोजगार संघर्ष समिति, महिला सशक्तिकरण और अरगड्डा पूर्वी द्वारा रथ का भ्रमण समेत कई मन लुभावन दृश्य झांकी में दिखा गए । राम हनुमान के भक्तों ने जयकारों के साथ पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों का खेल श्रमिक मैदान में दिखाए। इसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड पडी। समाचार प्रेषण तक रामनवमी का जुलुस झांकी शांतिपूर्वक ढंग से निकाली गई। मौके पर विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि समाजसेवी गणमान्य लोग उपस्थित थे।.

## भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली विभाग 24 घन्टा बिजली देने की व्यवस्था करे सुनिश्चित

**रामगढ।** बिजली विभाग भीषण गर्मी को देखते हुए और बिजली की अनियमित आपूर्ति बंद करे अन्यथा बाध्य होकर संपूर्णभारत क्रांति पार्टी बिजली विभाग के पदाधिकारियों का विद्युत कनेक्शन को काटने का काम करेगा।उपरोक्त बातें आज संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने न्यू पुंदाग स्थित जगन्नाथ बिहार में कल रात्रि के 3 बजे से उक्त कॉलोनी में बिजली कट गई और 4 बजे शाम को बिजली आई। वह भी लो वोल्टेज के साथ एवं बराबर बिजली का आना-जाना लगे रहने पर अपनी प्रतिक्रिया मे उक्त बातें कहीं । इन्होंने आगे कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार एवं बिजली विभाग 24 घंटा बिजली नियमित रूप से देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित न हो



और पेयजल संकट इस भीषण गर्मी मे ना हो सके।श्री नायक ने आगे कहा कि अभी अप्रैल माह से ही गर्मी ने अपना तांडव मचाना शुरू कर दिया है। ऐसी स्थिति में बिजली विभाग का बार-बार बिजली काटना नियमित रूप से बिजली आपूर्ति ना करना लो वोल्टेज की शिकायत होना बड़ा ही आक्रोश का विषय है । अभी मई ,जून लु का समय आने वाला है ऐसी स्थिति में बिजली विभाग अपने को चुस्त दुरुस्त अभी से ही कर ले और निर्बाध गति से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में वह सभी आवश्यक कदम उठा ले। जिससे की बिजली आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित हो सके,अन्यथा संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी सभी बिजली विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी के विद्युत कनेक्शन को काटने का काम करेगा। जिसकी जिम्मेवारी बिजली विभाग और सरकार की होगी ना कि संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की होगी।

श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि बिजली व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नहीं होने से आने वाले दिनों में पेयजल संकट होने की भी समस्या उत्पन्न हो सकती है और आपूर्ति करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए बिजली विभाग भीषण गर्मी से झारखंड को तपने से पहले अभी से ही अपनी व्यवस्था को मजबूत करें नहीं तो बिजली विभाग के पदाधिकारी को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा । इन्होंने यह भी कहा की जनता की शिकायत ।

## रामगढ ने कोडरमा को 8 विकेट से हराया

### रामगढ के संयम शर्मा ने 43 रन बनाये वही 6.2 ओवर मे 27 देकर 2 विकेट भी झटके

उज्ज्वल दुनिया संवाददात

**रामगढ।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 1. में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में कोडरमा और रामगढ के बीच खेला गया। कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 21.2 ओवर मे 96/10 विकेट खोकर रन बनाए। जिसमें अर्पित कुमार 30 रन एवं हसनैन राजा 10 रन ही बना पाये। रामगढ की ओर से गेंदबाज संयम शर्मा 6.2 ओवर में 27/2 विकेट एवं देवेश गोयल 6 ओवर में 21/3 विकेट सुभम को 2 2, एवं हर्षित व सचिन को 1-1 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रामगढ कि टीम ने 13.3 ओवर में 99 रन 2 विकेट के नुकसान पर बना लिया. मुख्य बल्लेबाज संयम शर्मा




43 रन नाबाद एवं सचिन कुमार सिंह 26 रन योगदान दिया। कोडरमा की ओर से अर्पित कुमार को 3 ओवर 17/2 विकेट मिला, रामग? 8 विकेट से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंह थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे।रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिंह मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी संयम शर्मा को भेंट किया गया।.

## मां शीतला मंदिर में नवमी पूजा के अवसर पर किए गए कई धार्मिक अनुष्ठान

### हवन-पूजन में भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु, नौ कन्याओं को कराया गया भोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददात

**भुरकुंडा (रामगढ)।** रामनवमी के पावन अवसर पर भुरकुंडा सयाल मोड स्थित मां शीतला मंदिर में बुधवार को नवमी पूजन, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान के साथ चैती नवरात्र कलश स्थापना का समापन हुआ। इसके पूर्व मंदिर प्रांगण में सनातन हिंदू समिति के द्वारा महावीर ध्वज स्थापित की गई। इस दौरान पुरोहित राम कुमार पाठक के द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। साथ ही पुरोहित श्री पाठक जी द्वारा आराध्य देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। तत्पश्चात



भोग, आरती, हवन और नौ कन्याओं को प्रसाद खिलाया गया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने माता शीतल मंदिर में मत्था टेक अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली -खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूजा-अर्चना में शंकर सिंह, उत्तम सिन्हा, भोला सिंह, राजन नायक, पिंटू लाल, जितेंद्र पांडेय, अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजन सिंह, मोनू कुमार, प्रशांत मुखर्जी, आदित्य राज, अमित सिंह, सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला- पुरुष शामिल थे।.....

## मारवाड़ी महिला समिति द्वारा कृत्रिम अंगों का वितरण 19 अप्रैल को

**रामगढ।** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला रामगढ़ शाखा द्वारा आगामी 19 अप्रैल को होटल अरिहंत पैलेस रांची रोड मरार में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के द्वितीय एवं अंतिम चरण का आयोजन किया जा रहा है । पूर्व में दिनांक 11 मार्च को समिति द्वारा पटना के भारत विकलांग न्यास के चिकित्सकों को बुलाकर विकलांगों के विकलांग अंगों की नापी की गई ।इस अवसर पर जानकारी प्रदान करने हेतु प्रेस वार्ता आयोजित की गई, प्रेस वार्ता में जानकारी प्रदान करते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा जैन ने पत्रकारों को बताया कि आगामी 19 अप्रैल को पूर्व में चयनित विकलांगों को कृत्रिम अंग तथा सुनने में अक्षम मरीजों को निःशुल्क कान की मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। साथ





ही, जरूरतमंदों को बैसाखी एवं छड़ी भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रेस वार्ता में शामिल विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों को समिति की ओर से उनके योगदान के फलस्वरुप समिति का अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। श्रीमती जैन ने बताया कि उपरोक्त अवसर पर एक निर्धन कन्या के विवाह हेतु समिति की तरफ से नगद राशि तथा विवाह उपयोगी सामग्री प्रदान की गई है तथा अध्यक्षा ने आश्वस्त किया है कि समिति द्वारा आगे भी जरूरतमंदों की इसी प्रकार हर संभव मदद की जाएगी।

श्रीमती जैन ने आगामी 19 अप्रैल के कार्यक्रम में समाज के विभिन्न तबको के प्रबुद्ध लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर समिति का मार्गदर्शन करने की अपील की गई है।

# भगवा ध्वज से पट्टा पूरा गुमला जिला

उज्ज्वल दुनिया संवाददात

**गुमला** – सनातनी हिन्दू धर्मलंम्बी श्रद्धालु के मर्यादा श्री पुरुषोत्तम श्री राम परिवार और रामायण से संबंधित कटआउट महावीरी झंडा और भगवा ध्वज से पट्टा पूरा गुमला जिला , मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मस्थली (अयोध्या धाम ) और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम , भक्त श्री वीर हनुमान (श्री बजरंगबली ) की जन्मस्थली अंजन धाम झारखंड के बीच ऐतिहासिक और पौराणिक अनोखा रिश्ता नाता है जो अटूट संबंध को दर्शाता है , जिससे प्रेरित होकर प्रत्येक सनातनी हिंदू धर्मावलम्बीयों द्वारा श्रीरामनवमी त्यौहार उक्त विशाल जुलूस में नर नारी , महिला पुरुष, बड़े बूढ़े, बुजुर्ग, युवक युवती, बच्चों बच्चों ने श्री राम मंदिर निर्माण से प्रेरित होकर इस वर्ष रामनवमी






त्योहार में एक अनोखा और अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है, साथी साथ उत्साहित लोगों द्वारा गगन भेदी नारों जय श्री राम , श्री राम , लखन , जानकी,जय बोलो हनुमान की आदि गगन भेदी नारों से गुंजेमन हुआ पूरा गुमला जिला।

गुमला जिला मुख्यालय में रामनवमी का त्योहार को लेकर काफी उत्साहित हैं लोग , पूरे नगर को केसरिया ध्वज, रामायण से संबंधित श्री राम , माता सीता , भारत , लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न , माता अंजनी और वीर हनुमान जी से संबंधित कट आउट लगाकर पूरे नगर में भगवा झंडा (ध्वज)से पट्टा जिला मुख्यालय , इस अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अनंत भक्त श्री वीर हनुमान ( श्री बजरंगबली ) के जन्मस्थली अंजन धाम में ऐतिहासिक मेला भी लगा हुआ है जहां जय श्री राम , श्री राम,लखन, जानकी , जय बोलो हनुमान की , गगन भेदी नारों के साथ भक्तों और पर्यटकों का उक्त अंजनी धाम मेला स्थान पर पूजा अर्चना के लिए प्रातः होते ही भक्तों का तांता लगा हुआ है , वहीं गुमला जिला मुख्यालय में श्री रामनवमी जुलूस देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं , इस बार भी केंद्रीय श्री महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष शशि प्रिय बंटी के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो गुमला मेन रोड स्थित टावर चौक से होता हुआ , पालकोट रोड, सिसई रोड , मेन रोड , जशपुर रोड़, लोहरदगा रोड़ , थाना रोड होता हुआ पुनः गुमला मेन रोड़ स्थित टावर चौक पर पहुंचकर श्री रामनवमी जुलूस का समापन हुआ, श्री रामनवमी जुलूस में श्री रामायण , से संबंधित मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम , लखन, माता जानकी , भरथ, शत्रुघ्न से संबंधित दर्जनों झांकियां निकाली गई , साथ ही साथ बाहर से विभिन्न आकार प्रकार के कलाकार के साथ ताशा , बैंड पार्टी और आधुनिक डीजे लाइट , साउंड , काफी आकर्षक का केंद्र रहा , जिला मुख्यालय में उक्त विशाल जुलूस को देखने के लिए लाखों लोग की भीड़ उम्र पड़ी जिसमें , नर नारी, महिला पुरुष, को बड़े बूढ़े, बुजुर्ग, युवक युवती , नन्हे मुन्ने मासूम बच्चे, अपने विभिन्न आकार प्रकार के परम परंपरागत वेशभूषा से सज धज कर उक्त विशाल जुलूस में शामिल हुए, और ढोल नगाड़े, बैंड ताशे , आधुनिक डीजे के लेजर लाइट साउंड, संगीत , सहित विभिन्न धार्मिक गानों पर छिड़कते नजर आए साथ ही साथ जगह-जगह पर जय श्री राम , श्री राम - लखन - जानकी - जय बोलो हनुमान की, आदि भिन्न आकार प्रकार के नारों से पूरा गुमला जिला मुख्यालय गूंजें मन हो रहा था, इसके साथ ही साथ पूरे गुमला जिले के गुमला , घाघरा , बिशनपुर , रायडीह, (मांझा टोली) चैनपुर , डुमरी, जारी, सिसई , भरनो , बसिया , कामडारा, पालकोट, प्रखण्ड सहित समस्त गांव , और विभिन्न मोहल्ले में श्री रामनवमी त्योहार धूमधाम से मनाए जाने का समाचार प्राप्त हो रहा है ।.

# पीएलएफआइ के एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार



**खूंटी,** । लोकसभा चुनाव में पीएलएफआइ का फिर वर्चस्व कायम करने और रनिया थाना क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करने की संगठन की योजना धरी की धरी रह गई जब तक पीएलएफआइ उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देते, उसके पहले ही इस प्रतिबंधित संठन के दो उग्रवादियों को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में तपकारा थाना के हुसीर गांव निवासी हर्षित गुड़िया और तमाड़ थाना के माइयोडीह निवासी प्रकाश प्रमाणिक शामिले हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 10 जिंदा गोलियां, नक्सली संगठन पीएलएफआइ का पर्चा और नगद 27 हजार तीस रुपये, टीवीएस अपाची बाइक, तीन मोबाइल और दो पिट्ठू बैग बरामद किए हैं।

गिरफ्तार दोनों उग्रवादी हर्षित गुड़िया संगठन का एरिया कमांडर है। दोनों उग्रवाद जोनल कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू उर्फ राडूंग बोदरा दस्ते के हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेटट्टा ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआइ के जोनल कमांडर लबूं दसते के उग्रवादी लोकसभा चुनाव कें दौरान संगठन का दबदबा कायम करने और लेवी के पैसे वसूलने के लिए कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना तैयार कर रहे हैं।

सूचना कें सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा गठित छापामार टीम ने मंगलवार को रनिया थानांतर्गत जलमांदी से गजना जाने वाली पक्की सड़क पर छापामारी कर लेवी वसूलने आए पीएलएफआई के दोनों उ्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों ने पीएलएफआई के जोनल कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू के निर्देश पर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचार-प्रसार करने, संगठन के लिए नेटवर्किंग का काम करने और संगठन के नाम पर क्षेत्र में दहशत फैलाने की बात स्वीकार कर ली है।

तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व मे गठित छापामर टीम में पुलिस निरीक्षक अशोक सिंह, रनिया थाना प्रभारी विकास जायसवाल, तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, एसआई ओम प्रकाश राय, अमित कुमार सिंह तथा सीआरपीएफ 94 बटालियन के जवान शामिल थे। बताया गया जोनल कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू तथा कई और उग्रवादी भागने में सफल हो गये। गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बताया गया कि गिरफ्तार उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तार हर्षित बोदरा के विरुद्ध मुरहू थाने में 17 सीएलए एक्ट आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में कुल छह मामले दर्ज हैं, जबकि प्रकाश प्रमाणिक पर भारतीय वन अधिनियम के मामले में एक मामला दर्ज है।

## झारखंड के गोड्डा में पार पहुंचा 42 डिग्री, कई जिलों में हीट वेव का कहर



**रांची,** । इन दिनों झारखंड राज्य तेज गर्मी की चपेट में है। राज्य का सबसे गर्म गोड्डा जिला है। यहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है।

यहां सुबह नौ बजे से ही तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी हो जा रही है। यहां का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। सूर्य की किरणे झुलसा रही हैं। दोपहर में गर्म हवा का असर होने लगा है। चिलचिलाती धूप में लोग परेशान हैं। दोपहर के समय लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। हालांकि इस बीच राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तपती धूप से तापमान में बढ़ोतरी होने साथ ही गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 21 और 22 अप्रैल को आंशिक बादल छा सकते हैं। राज्य के मध्य और दक्षिणी क्षेत्र में गर्मी का कहर दूसरे हिस्सों के मुकाबले थोड़ा अधिक है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रह सकता है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और तीन डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। साथ ही, कई जिलों में हीटवेव की आशंका है, जिसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। कोशिश करें कि भूलकर भी दोपहर 12 से 2 बजे के बीच बाहर न निकलें। सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें।

मौसम विभाग के अनुसार सरायकेला खरसावां, पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ दुमका, देवघर, धनबाद व चतरा आदि जिलों में लोगों को गर्मी से बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## मुख्यमंत्री ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लोगों से अपील की है कि रांची के हिंदपीढ़ी, लेक रोड और मेन रोड के कुछ घरों की छतों पर पिछले दिनों ईंट और पत्थर देखे जाने सम्बन्धी सोशल मीडिया में चल रही अफवाहों पर ध्यान दें।

एक्स पर एक पोस्ट जारी कर मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत पर ईंट-पत्थर मिलने को लेकर अफवाह न फैलायें, जिन घरों की छत पर ये सामग्री मिली है, उनके मालिक अलग-अलग समुदायों से आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थान भ्रामक खबर चला रहे हैं, जिसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने झारखंड पुलिस को ऐसी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार से कुछ सोशल मीडिया हैंडल द्वारा रांची की हिंदपीढ़ी में कुछ घरों की छत पर ईंट, पत्थर आदि होने को लेकर भ्रामक खबरें चलाई जा रही हैं। रांची पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रूटीन चेकिंग के दौरान 10-11 घरों की छतों पर निर्माण सामग्री मिली थी, जिसे हटवा दिया गया है। इनमें से कुछ घर हाल में बने हैं जबकि कुछ अभी निमार्णाधीन हैं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन घरों के मालिक विभिन्न समुदायों से आते हैं। ऐसी अफवाहों पर ध्यान ना दें। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को जिला प्रशासन ने रामनवमी के जुलूस वाले मार्ग की सभी मकानों की छतों की ड्रोन से जांच की थी। इस दौरान लेक रोड, हिंदपीढ़ी और मेन रोड में कुछ घरों की छतों पर ईंट और पत्थर देखे गये थे।

## श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा मनमोहक झाकियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई



**रांची,** ।श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर मेंन रोड के समीप भव्य स्टेज बनाकर रांची के विभिन्न अखाड़े से आए मनमोहक झाकियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें श्री राम सिंगार समिति कात्सराय रोड को प्रथम पुरस्कार श्री महावीर श्रृंगार समिति कात्सराय रोड को द्वितीय पुरस्कार श्री प्रगति मंडल लेक रोड हिंदपीरी को तृतीय पुरस्कार श्री पंच मंदिर हरमू रोड को चतुर्थ पुरस्कार श्री महावीर मंडल कांके को पंचम पुरस्कार श्री नव कला मंदिर को शस्तम पुरस्कार से सम्मानित किया गया वहीं ताशा पार्टी में श्री महावीर मंडल श्री हनुमान मंदिर काली बाबू स्ट्रीट अप्पर बाजार को प्रथम पुरस्कार नव कल महावीर मंडल डेली मार्केट को द्वितीय पुरस्कार श्री महावीर मंडल कांके रोड को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया साथ ही महानवमी की भव्य शोभायात्रा चर्च रोड से निकलकर संकट मोचन हनुमान मंदिर अल्बर्टएक्का चौक डेली मार्केट रोड सुजाता चौक ओवर ब्रिज होते हुए निवारनपुर मंदिर तक पहुंच कर 101 ध्वज अर्पित की गई शोभायात्रा में तामर से आए छव निर्त

, कोलकाता से आए गायक अनिल शर्मा की टीम के द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए जिसमें उपस्थित भक्त एवं श्रोतागण झूमते नाचते नजर आए भजनों के साथ जीवनत झांकी का भी प्रदर्शन कानपुर से आए कलाकार एवं उनके सहयोगियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया जो लोगों को लुभा रहा था एवं मनमोहक प्रतीत हो रहा था साथ ही उनलोगो के द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया । रामगढ़ से आए लवली ताशा पार्टी के द्वारा भी आकर्षक बाजे की प्रस्तुति पूरे रास्ते की गई। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष के द्वारा रास्ते में मिलने वाले स्वागत शिविर के आयोजनकताओ का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से संरक्षक शेखर शरण , सूरजभान सिंह अमरिंदर सिंह पप्पू रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी महामंत्री मुनचुन राय संयोजक डॉ दिलीप सोनी,रमेश बाली सहसंयोजक श्यामानंद पांडे, उपाध्यक्ष राजेश्वर राजन, शंभू प्रसाद, दिलीप स्वर्णकार , उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रोहित शारदा, कोषाध्यक्ष नवजोत अलांग ,महेश सोनी, मीडिया प्रभारी बादल सिंह, अमरनाथ सरकार, रोहित पांडे, राहुल सिन्हा चंकी, रवि प्रकाश टुना ,सतीश सिन्हा रोहित अग्रवाल,कुणाल आनंद,अमन जयसवाल, मिश्रा,रवि सोनी,सुमित सिंह,अमित गुप्ता, विक्रांत विश्वकर्मा, अमन कुमार सिंह, अश्वनी कुमार डॉ प्रेम कुमार सोनी सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा। रात भर झाकियों का आना निरंतर जारी रहा।

### रामनवमी नगड़ी और इसके आसपास के इलाके में बड़े धूमधाम, भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**पिस्का नगडी।** श्री राम के जन्मोत्सव और महाबली बजरंग बली के अनुष्ठान का त्योहार रामनवमी नगड़ी और इसके आसपास के इलाके में बड़े धूमधाम, भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही, मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। दोपहर दो बजे नगडी चौक से शोभा यात्रा आरंभ हुआ, शोभायात्रा पारंपरिक मार्गो से होते हुये नारो बाजार टांड पहुंचा जहां रामनवमी पूजा स्वागत समिति के सदस्यों के द्वारा मुख्य शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा का नेतृत्व महा समिति के पदाधिकारी कर रहे थे।जगह जगह चना, शरबत,गुड, मिठाई और शीतल जल का वितरण किये जा रहे थे।

इसके पूर्व सभी पदाधिकारियों को पगड़ी,बैच लगाकर सम्मानित किया गया। पूर्व संध्या में प्रखंड के साहेर गांव में डोल यात्रा का आयोजन किया गया साथ ही महाष्टमी को पंचमुखी समिति के द्वारा नगड़ी महाबीर मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया एवम महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया।पंचमुखी समिति के द्वारा मंदिर परिसर में सुबह से प्रसाद का वितरण किया गया जो देर शाम तक चला।

# राममय हुआ श्याम मंदिर



हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रामनवमी के शुभ अवसर पर आज भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला प्रातः काल मंदिर खुलने के बाद रामनवमी के शुभ अवसर पर श्याम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। कोलकाता से मंगाए गए पीला गुलाब लाल गुलाब गुल बाहर रजनीगंधा तुलसी लाल गेंदा पीला गेंदा बेली आदि विभिन्न प्रकार की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया था। हनुमान जी महाराज का भव्य दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया था। शिव परिवार एवं प्राचीन तैल चित्रों एवं गुरुजनों को भी विशेष माला का श्रृंगार किया गया था। महास्नान कर के बाबा को रुह के मसाज करके पंचमेवा का भोग लगा कर ककड़ी तरबूज खीरा इत्यादि का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरण किया गया।

**राम भक्तों के लिए भंडारा**

रामनवमी के शुभ अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में राम भक्तों के लिए श्री श्याम रसोई में वृहद भंडारा बनाया गया।

मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के निर्देशन अनुसार एवं देखरेख में आयोजन मंदिर के बाहर राम भक्तों के लिए किया गया था। 11000 से ज्यादा राम भक्तों के लिए आलू चना की सब्जी आलू चौप विभिन्न प्रकार के शरबत का आयोजन मंदिर के बाहर राम भक्तों के लिए किया गया था।आज के रामनवमी के शुभ अवसर पर वृहद भंडारा अनीश सिंह एवं उनके परिवार के द्वारा निवेदित किया गया था।* भंडारा वितरण करने वालों में मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सराओगी मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल ननोर्ली अमित सराओगी राजेश चौधरी रामगोपाल साबू विजयश्री साबू बबीता चौधरी सुनील सिंघानिया आनंद मालपानी बालकिशन अग्रवाल दीपक पोद्दार एवं सैकड़ो श्याम भक्तों ने भंडारे में अपनी सेवा में दी।

## रामनवमी के अवसर पर कृष्णा नगर कॉलोनी में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने रामभक्तों के लिए सेवा शिविर लगाया

रामनवमी के अवसर पर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के बाहर आज 17 अप्रैल,बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति तथा गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा द्वारा सेवा शिविर लगाया गया.

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर मंदिर के समीप छबील लगाकर शरबत की सेवा की गई.बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा लगाए गए शिविर में चाय, बिस्किट एवं टॉफी का वितरण किया गया एवं गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा द्वारा शिविर लगाकर भक्तों के बीच जलेबी का वितरण किया गया.तीनों संस्था का यह शिविर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक चला. शिविर के संचालन में सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा,बसंत काठपाल,अनूप गिरधर,सुरेश मिढ़ा,,हरविंदर सिंह,हरीश तेहरी तथा बहावलपुरी पंजाबी समाज संस्था के संरक्षक डॉक्टर सतीश मिढ़ा,अध्यक्ष ललित किंगर,नरेश पपनेजा,वेद प्रकाश मिढ़ा,लक्ष्मण दास मिढ़ा,प्रमोद चूचरा,किशोरी पपनेजा,मुकेश बजाज,जितेंद्र मुंजाल,आशीष दुआ,कवलजीत मिढ़ा,रवि नागपाल,कमलेश मिढ़ा,ऋचा मिढ़ा एवं गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा के प्रकाश गिरधर,गिरीश मिढ़ा,अमरजीत मुंजाल,सोनू खुराना समेत अन्य की सक्रिय भागीदारी रही.




## सार-संक्षेप

### प्रखर समाजवादी व विवेकशील युवातुर्क नेता थे चंद्रशेखर : कैलाश यादव




**राजद द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती मनायी गई**

**रांची:** बुधवार को प्रदेश राजद की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती मनाई गई ! इस अवसर पर मुख्य रूप से राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव,उपाध्यक्ष अनीता यादव,श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप,जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो,शालिग्राम पांडेय,नंदन यादव,यशवंत यादव, कमलेश यादव,राम इकबाल चौधरी, मैनेजर राय,कमलेश यादव,विशाल कुमार,प्रेम कुमार,मनोज यादव सहित कई लोगो ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया !महासचिव कैलाश यादव ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को युवा तुर्क नेता थे वे सादगी जीवन के साथ प्रखर समाजवादी एवं बेवाक प्रवक्ता थे !

### भगवान श्री राम के मधुर नाम से गूंज उठा




**मोराबादी मैदान**

**रांची** : श्री राम नवमी के अवसर पर इस्कॉन रांची द्वारा मोराबादी मैदान में भव्य नगर संकीर्तन निकाला गया । इस नगर संकीर्तन में इस्कॉन के भक्तो ने भारी संख्या में श्रद्धा से भाग लिया और झूमते नाचते हुए भगवान राम के नाम का कीर्तन किया और साथ ही रामायण और भगवद्गीता जैसे धार्मिक ग्रंथों का वितरण किया ।

मधुर कीर्तन से सारा वातावरण भक्ति मय हो गया । इस्कॉन रांची के प्रबंधक श्रीमान मधुसूदन मुकुंद दास ने सभी रांची वासियों को रामनवमी की मंगल बधाई दी और साथ ही सभी रांची वासियों की मंगल कामना के लिए भगवान श्री रामचंद्र से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कलि के इस युग में केवल भगवान का शुद्ध नाम ही हमे इस भवसागर से पार लगा सकता है । उन्होंने कहा अगर हम सच में राम राज्य की कामना करते है तो हमे भगवान श्री राम के दिखाए गए मार्गो पर चलना होगा और अपना आध्यात्मिक जीवन सफल बनाना होगा ।

### रातू में हर्षोल्लास पूर्वक मना रामनवमी



**रातू ।** मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव का पावन पर्व रामनवमी पूरे रातू प्रखण्ड में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया । इस पावन अवसर पर राम के भक्त हनुमान की भी पूजा की गई एवं अपने-अपने घर आंगन में महावीरी झंडे लगाए । मौके पर ऐतिहासिक महादेव टंगरा में आयोजित झंडा मिलन समारोह में दर्जनों गांवों के अखाडाधारी आकर्षक झांकी के साथ शामिल हुए । रातू चट्टी व काठीटांड में भी शोभा यात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा में शामिल भक्तों का रामनवमी पूजा समिति काठीटांड, साईं स्वयं सेवी संस्था रातू चट्टी, रामनवमी पूजा समिति रातू चट्टी एवं मां काली मंदिर समिति ब्लॉक रोड में सभी का चना, शर्बत एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । सभी कार्यक्रमों में हटिया विधायक नवीन जयसवाल, जीप अध्यक्ष निर्मला भगत, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, समाजसेवी महेश महतो, भरत कांसी आदी शामिल हुए ।

### प्रेम कुमार सरावगी ने 1.25 करोड़ राम नाम अक्षय धनराशि जमा कराई

**रांची** : प्रभु श्री राम की भक्ति के सागर में गोते लगाते राम भक्त प्रेम कुमार सरावगी ने 1.25 करोड़ राम नाम अक्षय धनराशि को अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम बैंक में संग्रह किया है। श्री अयोध्यापुरी में स्वामी श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक में श्री सरावगी के पासबुक संख्या 19797 में राम नाम अक्षय धनराशि को संग्रह किया है। श्री सीताराम नाम बैंक श्री मणि रामदास छावनी सेवा ट्रस्ट श्री अयोध्यापुरी में स्थित है।श्री सरावगी ने वर्ष 2008 से फरवरी 2024 तक कुल 12521861 राम नाम संस्था को समर्पित किया। अयोध्या दर्शन पूजन कर पासबुक जमा कराया। राजस्थली अपार्टमेंट कांके रोड रांची निवासी प्रेम कुमार सरावगी ने आज 51 ब्राह्मणों द्वारा हवन पूजन विधि संपन्न कराई।

### रामनवमी के मेले में उमड़ा हुजूम



**चान्हो-मांडर** मां दुर्गा के नौ दिवसीय नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर बुधवार को चान्हो-मांडर प्रखण्ड के प्रमुख धार्मिक स्थलों वनदेवी धाम, शीतला माता धाम सहित विभिन्न इलाकों में मेला का आयोजन किया गया। मेले में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। दूर दराज सहित गैर जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने मां का पूजन-अर्चन किया। साथ ही मेले में जमकर खरीदारी की। बच्चों ने चटपटी खाद्य सामग्रियों का लुत्फ उठाया। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।वही दूसरी ओर मांडर में रामनवमी के अवसर पर विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थलों पर मेला का आयोजन किया गया। चान्हो ब्लाक के सोंस गांव स्थित मेला ताड़ पर रामनवमी के अवसर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमे दूर दराज सहित विभिन्न इलाकों से भारी संख्या में आए लोगों ने मेले का खूब लुत्फ उठाया।सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने लोगो की काफी उत्साह देखी गई।मांडर शिव मंदिरों ,मुड़मा ,बॉम्बे सोंस ई आश्रम में बूढा खुखरा खुखरा सेल में लोगो में काफी उत्साह देखने को मिला

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने एसपी आवासीय कार्यालय में पूर्व महासमिति के अध्यक्षों व महासमिति के सदस्यों के साथ की बैठक

# महासमितियों के साथ सहयोग,समन्वय तथा जिला प्रशासन के निदेशी के पालन के अनुरूप पूजा सम्पन्न कराने पर हुई चर्चा

- सभी सदस्यों को उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सम्मान स्वरूप लाठी, पगड़ी सौंपा
- प्रशासन के दिशा निदेशी और आदर्श आचार संहिता का पालन कर, उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले अखाड़ों को जिला प्रशासन करेगा सम्मानित




**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** रामनवमी 2024 को लेकर आज 17 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय परिसर में उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं पुलिसअधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में महासमिति के अध्यक्ष,विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों तथा पूर्व महासमिति के अध्यक्षों के साथ आपसी तालमेल एवं सहयोग हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अब तक के तैयारियों तथा विभिन्न महासमितियों के कर्तव्यों व दायित्वों के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के तरफ से रामनवमी 2024 के बाबत विस्तृत दिशानिर्देश उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रशासन हर संभव बेहतर रामनवमी सम्पन्न कराने को लेकर तैयार है ,इसलिए सभी सदस्यों को दिए गए दायित्वों व दिशानिदेशों के अनुरूप मैत्रीपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया।

मौके पर उपायुक्त ने भी इस बार महासमितियों के द्वारा नशा मुक्त रामनवमी को लेकर किये गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर माहौल में रामनवमी मनाएँ प्रशासन हरसंभव आपके साथ है लेकिन माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों पर सख़्ती से निपटने की भी तैयारी कर ली गई है। हर घटनाक्रम व जुलूस को सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही विधि व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिसबल सादे लिबास में तैनात रहेंगे। उन्होने उपस्थित सभी अखाड़ा समितियों ,महासमिति तथा पूर्व के अध्यक्षों को प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी सदस्यों को लाठी व पगड़ी देकर सम्मानित किया

आपसी समन्वय को लेकर आयोजित बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी सदस्यों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए पगड़ी व लाठी देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी सदस्यों से प्रशासन की तरफ से सभी अखाड़ों को अनुशासित रखने का अनुरोध किया।आदर्श आचार संहिता का पालन एवं बेहतर तथा अनुशासित रहकर पूजा सम्पन्न कराने वाले अखाड़ों को जिला प्रशासन करेगा सम्मानित। पुलिस अधीक्षक आवासीय कार्यालय में सम्पन्न हुए बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इस बार भी जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता का पालन, बेहतर माहौल, अनुशासन तथा जिला प्रशासन द्वारा जारीनिदेशों के अनुसार पर्व सम्पन्न कराने वाले समितियों को सम्मानित करेगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### उड़ते धूल कण प्रदूषण से बालेदेवरी काबेद के ग्रामीण त्रस्त

**केरेडारी।** एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस और चट्टी बरियातू कोल माइंस से उड़ते धूल कण प्रदूषण से बड़ी आबादी त्रस्त है! क्षेत्र में बढ़ते तापमान और बढ़ती गर्मी के साथ गर्म हवाओं के झोंके के साथ उड़ते धूल कण से काबेद और बालेदेवारी समेत अन्य गांवों के लोग कोयले का धूल लू और प्रदूषण की दोहरी मार झेलने को विवश है! गर्म हवाओं के साथ कोयला के उड़ते धूल कण गर्दा लोगों के घरों तक पहुंच रहा है! लोगों की दैनिक दिनचर्या उड़ते धूल कण के साथ व्यतीत हो रहा है! पूरा क्षेत्र कोयला के गर्दा से धुआं धुआं दिखाई पड़ता है।
क्या कहते हैं संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण
इस संदर्भ में बालेदेवारी गांव के रामकुमार दुबे ने कहा कि बालेदेवरी काबेद पांडू समेत अन्य कई गांव के लोगों का केरेडारी प्रखंड मुख्यालय आने जाने का मुख्य रास्ता बालेदेवरी काबेद पगार मुख्य सड़क है! पगार काबेद मुख्य सड़क के सटे हुए एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस का सीएचपी क्रेशर बनाया गया है उक्त क्रेशर के उड़ते धूल कण प्रदूषण को झेलते हुए प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य स्थलों पर आना जाना होता है! सीएचपी क्रेशर के उड़ते धूल कण के प्रकोप से लोग बीमार हो जा रहे हैं! कोयले की उड़ते धूल कण प्रदूषण को रोकने के लिए पूर्व में ग्रीन प्रदा लगाया गया था जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है! कोयले की गर्दा रोकने के लिए उक्त सड़क पर पानी का छिड़काव प्रबंधन द्वारा नही किया जाता है! ना ही कोयले की उड़ते प्रदूषण को रोकने के लिए कारगार व्यवस्था किया गया है। सुबोध दुबे बलराम दुबे समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पहले एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस के उड़ते धूल कण प्रदूषण से पीड़ित थे अब एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस के गर्दा और केरेडारी कोल माइंस से हो रहे कोयले की ढुलाई से उड़ रहे गर्दा से प्रदूषण की दोहरी मार झेल रहे हैं! दोनो तरफ से माइंस हो जाने से पानी की भी बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है! गांव के कुआं तालाब नदी नाला सुख चुके हैं सीएसआर मद से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी नही किया गया है!

# एसडीओ शैलेश कुमार के द्वारा महिलाओं और रामभक्तों पर मनमाने तरीके से लाठी चलना प्रशासन को पड़ा महंगा: बड़कागांव उपप्रमुख

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ अरुण कुमार गुप्ता**




**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत काण्डतरी पंचायत के महूदी गाँव, रामनवमी पूजा को लेकर देश भर में सुप्रसिद्ध है। महूदी में लगभग 40 वर्षों से रामभक्तों के द्वारा शोभायात्रा निकालने पर प्रशासन के द्वारा बैरियर लगाकर रोका जाता रहा है। किन्तु वर्ष 2024 में बिना प्रशासन की उपस्थिति में महूदी का शोभायात्रा बिलकुल शांतिपूर्ण तरीके से सोनपुरा मेलाटाँड़ पहुँची। वहाँ के स्थानीय हिन्दू-मुस्लिम में किसी तरह का कोई वाद-विवाद उत्पन्न नहीं हुआ। महूदी के रामभक्तों ने सोनपुरा मंदिर में पूजा अर्चना कर पुनः शोभायात्रा को उसी रास्ते से प्रस्थान की। रामभक्त काफी संख्या में श्रीराम की जयघोष करते शांतिपूर्ण तरीके से जा रहे थे। आनन-फानन में प्रशासन की टीम महूदी मार्ग पहुँची और प्रशासन के द्वारा महूदी मार्ग में कई जगहों पर बैरियर लगा दिया गया। ततपश्चात प्रशासन की टीम के द्वारा शोभायात्रा को बलपूर्वक रोका गया। काफी हौ-मस्कत होने के बाद शोभायात्रा महूदी मुख्य द्वार तक पहुँची। महूदी में रामभक्तों की टोली शांतिपूर्ण थी। लोग श्रीराम के जयघोष लगाते नजर आ रहे थे। सभी रामभक्त हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय के आने का इंतजार कर रहे थे। इधर जिला से आये ए सी संतोष सिंह, एस डी ओ शैलेश कुमार एवं एस डी पी ओ कुलदीप कुमार के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागाँव उपप्रमुख बचनदेव कुमार, बड़कागाँव मध्य जिला परिषद सुनीता देवी एवं हिंदुत्व प्रचारक अमन कुमार के उपस्थिति में महूदी के सदर साहब मोहम्मद फारुख समेत मुश्लिम भाइयों के बीच लम्बे समय तक वार्ता हुई। अंधेरा होने के कारण कतारबद्ध तरीके से महिलाओं को सुरक्षित उनके घर पहुँचाने के लिए आपसी सहमति बनी। लेकिन एस डी ओ शैलेश कुमार की मनसा कुछ और थी वे शुरू से ही लाठी के बल पर रामभक्तों को खदेड़ना चाहते थे। रामभक्तों के ऊपर कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजने की बारम्बार धमकी दे रहे थे। लेकिन रामभक्तों के बीच स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उपस्थित होने के कारण वे हमेशा लाठी चलाने में असफल रहे। किन्तु हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के पहुँचने के सूचना मिलते ही एस डी ओ शैलेश कुमार आगबबूला हो गए। अन्ततः जिला से आए वरीय पदाधिकारी ए सी संतोष सिंह के लाख मना करने के बाद भी ने जबरदस्ती राम भक्तों और माताएँ बहनों पर एकाएक लाठी चलना शुरू कर दिए। जिसके बाद भीड़ ने उग्र रूप धारण कर लिया। ततपश्चात पत्थर बाजी और आगजनी का मामला उत्पन्न हुआ। इसके बावजूद बिना किसी के आदेश के पुलिस कर्मियों ने मनमाने तरीके से बेइन्तहा रामभक्तों पर लाठियाँ बरसाने शुरू कर दिए, तभी भीड़ में घुसे कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों की तोड़फोड़ कर दी गई। जिसमें सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि वहाँ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के गाडियों को भी तोड़फोड़ किया गया। हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं एस पी अरविंद कुमार सिंह के उपस्थिति में स्थिति पर काबू पाया गया।

### क्या कहते हैं बड़कागांव उपप्रमुख

बड़कागांव उपप्रमुख का कहना है कि एसी साहब दोनों पक्षों से व्यवहारिक बात कर रहे थे। शोभायात्रा में उपस्थित महूदी गाँव के महिलाओं को सुरक्षित उनके घर पहुँचाने की आपसी सहमति बनाई जा रही थी। रामभक्तों की शोभायात्रा महूदी मुख्य मार्ग में शान्तिपूर्ण तरीके से श्रीराम की जयघोष कर रहे थे। लेकिन शुरू से ही एस डी ओ शैलेश कुमार की मनसा कुछ और थी। रामभक्तों पर बारम्बार लाठी का बलपूर्वक प्रयोग करने की बात कर रहे थे। लेकिन आपसी सहमति बनी और ए सी संतोष सिंह के नेतृत्व में महिलाओं को उनके घर सुरक्षित पहुँचाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा महिलाओं को कतारबद्ध तरीके से किया जा रहा था। कि इतने में ही जिला उपायुक्त और जिला पुलिस अधीक्षक के पहुँचने की सूचना जैसे ही एस डी ओ शैलेश कुमार को मिली कि वे आगबबूला हो गए। और ए सी संतोष सिंह सहित मैं और उपस्थित जनप्रतिनिधियों के लाख मना करने के बावजूद एस डी ओ शैलेश कुमार ने खुद अपने से महिलाओं और रामभक्तों पर ताबड़तोड़ लाठियाँ चलना शुरू कर दिया। जिसके बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते मुस्लिम और हिन्दू दोनों समुदायों के द्वारा गाली-गलौज, पत्थरबाजी और आगजनी का भी मामला उत्पन्न हो गया। इधर प्रशासन के द्वारा बिना किसी के आदेश का खूब लाठियाँ चली। पुलिस प्रशासन के द्वारा आँशु गैस भी छोड़ा गया। कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों की गाड़ियों के साथ तोड़-फोड़ भी किया गया। बड़कागाँव उपप्रमुख ने यह भी कहा है कि इस घटना के अंजाम का श्रेय सिर्फ और सिर्फ एस डी ओ शैलेश कुमार को जाता है।

## मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में शस्त्र पूजा के साथ हुआ शक्ति प्रदर्शन, निकाली बाइक रैली

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**बरही।** बरही में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से अस्त्र शस्त्र पूजा के साथ ही बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं के साथ युवतियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में शस्त्र की पूजा कर इसे धारण करने की युवतियों से अपील की गई। महिलाएं मोटरसाइकिल व बाइक पर सवार होकर घरेलू महिलाओं को जागरूक करती नजर आई। कार्यक्रम में महिलाओं के हाथों में डंडा और तलवार नजर आ रही थी। कार्यक्रम में शामिल हुई दुर्गा वाहिनी की पदाधिकारी ने कहा कि उनका उद्देश्य महिला में आत्मरक्षा के भाव पैदा करने के साथ ही उनके अंदर बने अबला नारी के सोच की समाप्त करना है। वहीं स्थानीय महिलाओं ने कहा कि आज के समय मे पुरुषों के साथ ही महिलाओं को भी मजबूत होकर हर विपरीत परिस्तिथि का मुकाबला करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। मोटरसाइकिल रैली में दर्जनो महिलाएं शामिल थी।



# मतदाताओं के लिए ऑल-इन-वन एप- वोटर हेल्प लाइन ऐप एक क्लिक पर मिलेगी पूरी जानकारी

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को आसान एवं मतदाताओं के लिए सुलभ बनाने हेतु कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्प लाइन ऐप बनाया गया है, जिसमें मतदाता सूची में नाम अपना जानना हो या मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना हो, वोटर स्लिप डाउनलोड करने से लेकर चुनाव से जुड़ी अन्य जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं।

**मतदाता सूची में नाम** - एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं।

**वोटर रजिस्ट्रेशन** - अगर आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो वें इस ऐप की मदद से अपना नाम सूची में रजिस्टर कर सकते हैं। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन डिटेल्स में सुधार कर सकते हैं।

**वोटर स्लिप डाउनलोड**- इस ऐप से वोटिंग के लिए योग्य यूजर्स इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं।

**चुनाव से जुड़ी डिटेल्स** - इस ऐप पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां, रिजल्ट अपडेट और उम्मीदारों के बारे में डिटेल्स जान सकते हैं।



**छूटे हुए मतदाता 23 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है**

### वोटर हेल्पलाइन एप की खास बातें

**Voter Helpline App को Google Play Store और Apple App Store से फ्री में डाउनलोड किया जा सकता है।यह एप यूजर्स की किसी भी प्रकार की जानकारी स्टोर नहीं करता है। यह एप मतदाता सूची, वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म, मॉडिफिकेशन, डाउनलोड डिजिटल फोटो वोटर स्लिप, शिकायत, उम्मीदवार की डिस्प्ले, रियल टाइम इलेक्शन रिजल्ट डेटा जैसी अहम जानकारी ऑफर करती है। एप यूजर्स को एढकउ कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक करने की सुविधा देता है।वैसे मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वें 23 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है।**

## पूर्व मुख्यमंत्री पंडित विनोदानंद झा की 123 वीं जंयती पर कांग्रेसियों ने उन्हें किया याद



**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित विनोदानंद झा की 123 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष एम एन भगत ने कहा कि वे एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जो मुख्य रूप से बैद्यनाथनाथ देवघर जिले के रहने वाले थे, जो अब झारखंड में है । उनकी शिक्षा कलकत्ता के अंतर्गत सेन्ट्रल कलकत्ता विश्वविद्यालय में हुई । वह फरवरी 1961 से अक्टूबर 1963 तक सयुंक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे । वह 1971 में बिहार दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र से भारत की निचले सदन 5 वीं लोकसभा के लिए चुने गए । वह भारत संविधान सभा के सदस्य थे। मौके पर उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, अजय गुप्ता, कृष्णा किशोर प्रसाद, बाबर अंसारी, डॉ. भैया असीम कुमार, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, मुस्ताक अंसारी, सदरूल होद्दा आदि उपस्थित थे ।

## रामनवमी पूजा के अवसर पर आर्केस्ट्रा का आयोजन, आर्केस्ट्रा की शुरूआत गणपति वंदना से की गई

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के सिकरी में मां बसंती दुर्गा पूजा समिति द्वारा रामनवमी के अवसर पर बुधवार को आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। आर्केस्ट्रा की शुरूआत पूजा समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत गणपति वंदना से की गई। इसके बाद एक से एक रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति गई। कार्यक्रम में दर्शक झुमते हुए नजर आए कार्यक्रम देखने के लिए मैलैट्टन में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित है और विभिन्न गांव से मैलाटन में झांकियां भी आई जिनका पूजा समिति द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान, सचिव कृष्णा सिंह, संयोजक स्वरूप नारायण सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, भोला कुमार गुप्ता, रामजी प्रसाद सिंह, हरिश्चंद्र प्रसाद मनोरंजन मंत्री पृथ्वीराज गुप्ता, बसंत नारायण सिंह, जय नारायण सिंह, रामप्रसाद महतो, तालेश्वर कुमार महतो, दंडाधिकारी पंकज कुमार दास, सब इंस्पेक्टर रामराज सिंह, आचार्य आनंद पाठक, पुजारी फूलचंद गिरी, कैलाश पांडेय, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव में मुसलमान को टिकट नहीं देना अन्यायपूर्ण: साजिद



**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं देने पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा है कि झारखंड राज्य में अल्पसंख्यक 18% आबादी में होने के बावजूद एक भी सीट पर किसी अल्पसंख्यक या मुसलमान को पार्टी द्वारा प्रत्याशी नहीं बनाया जाना आत्मघाती निर्णय साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश की भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी कहते हैं, जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी .....तो फिर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सर्वोच्च एवं सर्वमान्य नेता राहुल गांधी द्वारा कही गई बातों को नजर अंदाज करना कहीं से न्यायसंगत एवं कांग्रेस पार्टी हित में नहीं मालूम पड़ता है। इस मामले को लेकर पूरे राज्य में विरोधाभास के स्वर उठ रहे हैं। जबकि झारखण्ड राज्य में कई ऐसे कद्दावर नेता आलमगीर आलम, फुरकान अंसारी, इरफान अंसारी, शहजादा अनवर,हाजी मंजूर अंसारी, अनवार अंसारी , इत्यादि अन्य कांग्रेस पार्टी के दर्जनों नेता हैं जो कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद बहुसंख्यक में भी काफी लोकप्रिय है अपनी-अपनी पहचान में ख्याति प्राप्त है और पूरे राज्य में अपने-अपने कार्यशैली के बदौलत काफी लोकप्रिय है किसी भी लोकसभा सीट चुनाव जितने और जीतने कि अर्हता रखते हैं बावजूद पार्टी के प्रमुख नेता, राज्य की 18% आबादी एवं लाखों कार्यकर्ता को नजरअंदाज करना अन्यायपूर्ण है। मुस्लिम कार्यकर्ता के मान- सम्मान को ध्यान में रखते हुए पार्टी नेतृत्व को पुणः विचार करते हुए गोड्डा एवं किसी अन्य लोकसभा सीट से उम्मीदवार बदलते हुए कांग्रेस पार्टी के हित में किसी मुसलमान को लोकसभा उम्मीदवार बनाने पर विचार करना चाहिए।

## नहीं रहे पर्यावरणविद मृत्युंजय शर्मा, वन विभाग समेत हजारीबाग में शोक की लहर




**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले मृत्युंजय शर्मा अब इस दुनिया में नहीं रहें। मृत्युंजय शर्मा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रसार वानिकी उत्तरी छोटानागपुर एवं पलामू-हजारीबाग के कार्यालय में सहायक लिपिक के पद पर कार्यरत थे। मृत्युंजय शर्मा हजारीबाग में एक पर्यावरणविद के रूप में जाने जाते थे। इनका पर्यावरण से गहरा लगाव था। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनकी मृत्यु रांची में हो गई है। स्वर्गीय शर्मा को एक पुत्र और एक पुत्री है। उनके दोनों बच्चे बाहर में रहकर अपना पढ़ाई कर रहा है। हजारीबाग में वे पत्नी के साथ रह रहे थे। वे हृदय रोग से ग्रस्ति थे। उनके मौत की खबर सुनकर हजारीबाग में शोक की लहर दौड़ गई। वे नेक दिल इंसान थे। उनके दीपूगढ़ा स्थित आवास पर लोगों की भीड़ जूट गई। उनकी आत्मा की शांति के लिए लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की।

## संक्षिप्त खबरें

### बजरंग दल ने हजारों की संख्या में कार्यकर्ता के साथ भव्य रैली निकाली



**डोमचांच/कोडरमा।** जिले के डोमचांच क्षेत्र में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकल गई जिसमें मुख्य रूप से कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा के विधायक डॉ नीरा यादव और कोडरमा पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, डोमचाँच नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता संयुक्त रूप से बजरंग दल की शोभा यात्रा रैली में शामिल हुए। डोमचांच में बजरंग दल ने मंगलवार को हजारों की संख्या में कार्यकर्ता के साथ भव्य जनसमूह के साथ रैली निकाली। जिसमें बालिकाओ ने भी भाग लिया रैली की शुरूआत चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के प्रांगण से की गई जो गिरिडीह रोड, महेशपुर , नवलशाही, पचगांव, फुलवरिया बेहराडीह ,मसनोडीह, नवाडीह , शिवसागर, ढाब रोड, शहीद चौक सहित पूरे नगर का भ्रमण किया रैली में लगभग सैकड़ो लोग शामिल थे सैकड़ो दर्जनों से अधिक मोटरसाइकिल शामिल रहे। यहां शोभायात्रा के आकर्षक के केंद्र रही। वहीं सुरक्षा की कमान डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार समेत भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे। इस रैली के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रही । वहीं डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि कमेटी द्वारा ताई मार्ग से चलें ताकि किसी को आने जाने मे कोई समस्या नहीं और लोग अपने सयंम का परिचय दें क्योंकि भगवान श्री राम जी इनके सबसे बड़ा उदाहरण है । मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, बजरंग दल समरसत्ता प्रमुख प्रवीण चंद्रा, जिला गौ रक्षा प्रमुख आदित्य बरनवाल, जिला संयोजक बजरंग दल रंजन कुमार, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र राज, प्रखंड संयोजक बजरंग दल पंकज मेहता, प्रखंड मंत्री किरण प्रकाश, सह मंत्री पंकज मेहता, सहसंयोजक नरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, रवि कुमार, आजाद मेहता, राजीव कुमार, हर्ष कुमार, बिट्टू मोदी, संजय कुमार,प्रेमांशु कुमार, कुमार सुजीत कुमार, अमरदीप कुमार, सुदेश मोदी, रोहित कुमार इत्यादि लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में मौजूद थे।

### महाष्टमी के दिन माँ दुर्गा के खुले कपाट

**सतगावां :-** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर का महाष्टमी के दिन पट खुलते ही सैकड़ों की संख्या में मां काली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। कहा जाता है कि आज के दिन तंत्र-मंत्र साधना शक्ति की पूजा होती है। आज जो भी साधक रात में निशा पूजा करते हैं। उसकी हर एक मनोकामना पूर्ण होती है।आचार्य लखन पंडित के द्वारा बताया गया कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मां दुर्गा के मां महागौरी स्वरूप की उपासना की जाती है। मां महागौरी का रंग पूर्णता गोरा होने के कारण ही इन्हें महागौरी या श्वेताम्बरधरा भी कहा जाता है । मान्यता है कि मां महागौरी की पूजा करने से धन व सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है तथा आज पूजा करने से बुरी शक्तियों का नाश होता है. साथ ही नाकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बंद हो जाता है. ऐसे में आज के दिन पूजा अर्चना करने से बुद्धि, बल, विवेक, सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है. पट खुलने के साथ ही मंदिरों और पंडालों के आसपास मेला भी शुरू हो गया और बच्चे, बुजुर्ग, युवक- युवतियां घूम-घूमकर मेले का आनंद लेते दिखाई दिए।

# शहर की गलियों में निकली रामजी की सवारी

## हनुमान मंदिर में हुई पूजा अर्चना,निकाले गए अखाड़े

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता







**झुमरीतिलैया :** पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र में बुधवार को शहर व गलियों में राम जी की सेना विभिन्न झांकियों के साथ हैरत अंगेज करतब दिखाते हुए शहर के हृदय स्थली झुमरीतिलैया के झंडा चौक पर पहुचीं।जहां सार्वजनिक रामनवमी झंडा माहसमिति के तत्वधान में आयोजित कार्यक्रम में झाकियां,अनुशासन व विभिन्न प्रकार के खेल प्रदर्शन के साथ पहली बार युवतियों और महिलाओं ने भी कई प्रदर्शन कर कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया।वहीं रामनवमी को लेकर मंदिरों एवं घर मे महावीरी ध्वज लगाए गए।मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।शहर के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर,अड्डी बंगला रोड स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर,चमत्कारी बाबा हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर महाराणा प्रताप चौक,सामंतो हनुमान मंदिर,पीपल वाला हनुमान मंदिर सहित कई हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना किये गए।शहर के विभिन्न इलाकों से झांकियों और जुलूस के साथ लोग डंके की आवाज के बीच जय श्रीराम व वीर हनुमान के गगनभेदी नारे लगा रहे थे।वही दुनिया चले न श्रीराम के बिना राम जी चले न हनुमान के बिना.......जिस भजन में राम का नाम न हों उस भजन को......आदि भजन बज रहे थे।जिले के विभिन्न इलाकों में जुलूस के साथ कई स्थल का भ्रमण करते हुए झंडा चौक की ओर बढ़ते जा रहे थे।जिले के विभिन्न इलाके में मोटरसाईकल रैली भी निकाली गई।विभिन्न अखाड़ा कमिटियों के द्वारा तरह-तरह की झाकियां आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही।

**● बेकोबार उत्तरी पंचायत में कई अखाड़ा कमिटियां जुटी**

कोडरमा प्रखंड के बेकोबार उत्तरी पंचायत कांझाटाँड़ मैदान में अपरा से चांदेडीह, संग्रामडीह, भंडरवा, अम्बाटाँड़, पिपराडीह, बिच्छीपहरी के महावीरी झंडों के साथ समिति के सदस्यगण विभिन्न तरह के खेल प्रदर्शन किए।मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

**● चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से की जा रही है निगरानी**

रामनवमी पर्व में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस है।डीसी मेघा भारद्वाज,एसपी अनुदीप सिंह स्वयं सुरक्षा का कमान सम्भाले हुए है।और इस दौरान दंडाधिकारी और पुलिस बलों को कई दिशा निर्देश देते नजर आए। इसके अलावा एएसपी दिवाकर कुमार, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, एसडीओ रिया सिंह, बीडीओ सुमन गुप्ता, सीओ गिरेन्द्र टूटी, नगर प्रशासक हर्षवर्धन, डीडब्लूओ अभिषेक आनंद, तिलैया थाना प्रभारी बिनय कुमार आदि सक्रिय भूमिका में नजर आए।वहीं ड्रोन कमरे से भी झांकी व जुलूस की निगरानी की जा रही है।

**● दोपहर 1:30 से बिजली आपूर्ति कर दी गई बंद**

रामनवमी को लेकर जिले के विभिन्न इलाकों में अपराह्न 1:30 बजे से ही महावीरी झंडे निकलने के साथ ही विधुत आपूर्ति बंद कर दी गई।इस वजह से लोगों की परेशानी बढ़ी रही। झंडा चौक पर बड़ा जनरेटर लगाकर कार्यक्रम स्थल पर रोशनी की गई।वही शहर के विभिन्न इलाकों में सजाएं गए लाइटिंग का मजा लोग नही ले सके। विधुत आपूर्ति बाधित रहने से कई लोगों के मोबाइल बंद हो गए।तथा इन्वेंटर भी जबाब दे दिए।

**● कई स्थलों पर की गई पेयजल और शर्बत की व्यवस्था**

रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों के लिए कई स्थलों पर पेयजल और शर्बत की व्यवस्था विभिन्न संगठनों के द्वारा की गई। इस दौरान भीषण गर्मी में लोग अपने गले को तर करने में जुटे रहे।

# रामनवमी त्यौहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**▸ रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है, आपसी भाईचारगी से मनायें: उपायुक्त मेघा भारद्वाज**

## प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को विधि व्यवस्था संधारण को लेकर दिये उचित दिशानिर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता


PHOTO BY AKS AKASH

**कोडरमा :-** रामनवमी त्यौहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जयनगर,मरकच्चो, डोमचांच व कोडरमा प्रखंड एवं जिला के विभिन्न स्थानों का दौरा किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सभी दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर मुस्तैद पाये गये। उपायुक्त स्वयं घूमकर रूट का मुआयना की और विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उपायुक्त महोदया ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की । उपायुक्त ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को तय रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने की अपील की । उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है, सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनायें। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों पर सतत निगरानी रखें। जुलूस के दौरान ड्रोन के माध्यम से आसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अखाड़ा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान माइकिंग के माध्यम से अपने वॉलिंटियर को मार्गदर्शित करते रहें और सभी वॉलिंटियर आईडी कार्ड के साथ रहेंगे। जगह जगह पर सीसीटीवी के माध्यम से भी असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी मैसेज को अग्रसारित करने से पहले सत्यता की पूर्णतः जांच कर लें और अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी जिलावासियों से अपील किया गया कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें। सभी सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता अधिरोपित है,ऐसे में त्यौहार मनाने के दौरान इसका ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारी को सजग और सतर्कता के साथ त्योहार संपन्न कराने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह,अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह,जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु एवं विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

**शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायी जा रही रामनवमी पर्व**

# जगह-जगह पर तैनात हैं दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :-** रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में जगह-जगह और मुख्य स्थलों एवं मार्गो में दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात हैं। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी द्वारा त्यौहार के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन के माध्यम से भी आसामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष 247 कार्यरत हैं। पर्व के दौरान किसी भी आकस्मिकता अथवा जानकारी के लिए जिला कंट्रोल कक्ष के संपर्क नं 06534252685 पर संपर्क किया जा सकता है। जिलेवासियों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाने की अपील किया गया है।

### रामनवमी को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सतगावां :-** प्रखंड में बुधवार को विश्वहिंद परिषद व बजरंग दल के द्वारा भव्य राम नवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत बासोडीह के हटिया मैदान में सभी बजरंगियों का एकत्रीकरण किया गया । शोभायात्रा के मुख्य अतिथि जिप सदस्य नीतू कुमारी व उप प्रमुख मनोज कुमार निराला मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस सभी उपस्थित अथितियों का भगवा पट्टा व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। सोभायात्रा हटिया मैदान से निकल कर विभिन्न इलाकों से गुजरी. जगह-जगह लोगों ने इसका स्वागत किया. शोभा यात्रा हटिया मैदान से निकलकर बासोडीह बाजार होते हुए रामडीह तक गयी। जहां से पुनः वापस लौट कर बासोडीह बाजार होकर बरियारडीह, पचमौह, कलीडीह, आदि का भ्रमण कर हलकुशा स्थित दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा स्थल पहुँची। सबसे खास बात यह रही की शोभायात्रा जिस किसी मार्ग से गुजरी वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से काफी पुलिस फोर्स तैनात किये गये थे. जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट भी तैनात थे. बिजली विभाग ने शोभायात्रा मार्ग की बिजली पहले से काट रखी थी. ताकि कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो जाए। मौके पर विहिप प्रखंड अध्यक्ष-बब्लू सिंह, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष बंटी राउत, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, रामावतार चौधरी, बिनोद यादव, प्रदीप कुमार, अनिल यादव, बालमुकुंद सिंह आदि मौजूद थे।

# सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे

## स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**झुमरीतिलैया :-** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि गाड़ी संख्या 05557/05558 सहरसा-नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल (बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 05557 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 18.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05558 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को नई दिल्ली से 10.00 बजे खुलकर अगले दिन 10.00 बजे सहरसा पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल(कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयाग राज के रास्ते) गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 20.04.2024 को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी । इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 एवं शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे ।

# 'दुनिया भर के हिंदुस्तानियों में बड़ा उत्कर्ष है, यह अपना नववर्ष है' पर झूमते रह

## नव वर्ष के अवसर पर दो संस्थाओं ने मिलकर किया भजन संध्या का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**झुमरीतिलैया :-** भारत विकास परिषद एवं रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय नव वर्ष 'नूतन वर्षाभिनंदन' भजन संध्या का आयोजन रोटरी सभागार में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रजवलन,पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे ने कहा कि विक्रम पंचांग सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सार्वभौमिक, प्रकृति परख और वास्तविक है। प्रकृति बासंती परिधान में पेड़ों पर नए पत्ते सजा रही है।आम की मंजरियों से बगिया की शोभा बढ़ रही है । कोयल अपनी कूक से नव वर्ष का स्वागत कर रही है,भारतीय नववर्ष ( हिंदू नव वर्ष ) ही एक ऐसा अवसर है।जब प्रकृति में सुखद आहलादकारी परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं। वहीं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश राणा ने सनातन धर्म पर रोचक जानकारियाँ दी।उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रोटरी के पूर्व अध्यक्ष महेश दारुका ने कहा कि आज के कार्यक्रम में भारत की मिट्टी की सुगंध नजर आ रही है। ऐसा कार्यक्रम तो हरेक संस्था को और हर समाज को आयोजित करना चाहिए। रोटरी अध्यक्ष विकास सेठ ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि भारतीय नव वर्ष प्रकृति में परिवर्तन के साथ जुड़ा हुआ है।उसके बाद नवीन सनातन मंडल के द्वारा गीतों और भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान नवीन पंड्या ने यह हिंदू नव वर्ष है यह अपना नववर्ष है ....

गजानन गौरा के नंदन..... ध्वजा उठा के राम नाम की, बोलो जय श्री राम की, जैसे भजन प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया।वही आराध्या सिन्हा ने राम आए हैं......महिषासुर मर्दिनी .....जैसे भजन प्रस्तुत कर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी,और लोगों को भाव विभोर किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के परियोजना निदेशक अजय अग्रवाल ने किया। मौके पर सुधीर सिंह (उत्तर प्रदेश),कैलाश चौधरी, रमेश सिंह,अधिवक्ता आत्मानंद पांडे,विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सचिव अरविंद सिंह,विवेकानंद युवा महामंडल के धर्मेंद्र सिंह,सुरेश जैन,मधुसूदन दारूका,माला दारूका,जूही दासगुप्ता, कविता दारूका,अश्वनी तिवारी,सुरेश सेठी,कमल सेठी,ओम प्रकाश वर्मा, छोटेलाल पांडेय,शशि राज व अन्य लोग भाव विभोर होते रहे। कार्यक्रम का समापन पूणार्हुति मंत्र के उच्चारण से किया गया।प्रतीक चिन्ह के रूप में आए हुए सभी कलाकारों को मिठाई के डब्बे के साथ पंचांग कैलेंडर भेंट किए गए। रोटेरियन सुरेश जैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कई मायनो में नववर्ष का यह कार्यक्रम अविस्मरणीय रहेगा।

### डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में शुरू हुई नई शिक्षा नीति के आधार पर भर्ती

**झुमरीतिलैया :-** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में सीबीएसई के निदेर्शानुसार नई शिक्षा नीति 2020 लागू कर दिया गया है। शिक्षकों को अब शिक्षित होने के साथ साथ अन्य गतिविधियों को संपन्न कराने के लिए निपुण होना अनिवार्य हो गया है। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली योग्य और प्रतिभाशाली शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोडरमा में पीजीटी जीव विज्ञान और वाणिज्य शिक्षक , टीजीटी रसायन शास्त्र और अंग्रेजी, पीआरटी गणित ,अंग्रेजी, संस्कृत, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर, फाइन आर्ट्स एवम नर्सरी शिक्षक जो गणित और अंग्रेजी में विशिष्टता रखते हों कि आवश्यकता है। इन पदों के लिए उन्हें ही योग्य माना गया है, जिन्होंने डीएवी द्वारा आयोजित पहला फेज कंप्यूटर आधारित परीक्षा पास की हो। इसके लिए आवेदन पत्र 16 अप्रैल 2024 से लेकर 30 अप्रैल 2024 तक https://forms.gle/sjHNVJMeWVqanAr59 इस लिंक पर भरे जा सकते हैं। आवेदन करने के बाद परीक्षार्थियों को डेमो क्लास और साक्षात्कार में शामिल होना होगा। योग्य और बहुमुखी प्रतिभा से सम्पन्न शिक्षक जो सीबीएसई के करिकुलम के अनुसार पढ़ा सके का चयन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि डीएवी पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में दशकों से अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। यहॉ के प्राचार्य ,शिक्षक और सभी कर्मचारियों का चयन डीएवी सीएमसी नई दिल्ली द्वारा होता है।



# सुनील नारायण ने जड़ा टी-20 करियर का पहला शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डेंस स्टेडियम में सुनील नारायण के बल्ले से एक शतकीय पारी देखने को मिली है। अपनी जादूई गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले सुनील नारायण ने इस बार बतौर बल्लेबाज कमाल का प्रदर्शन किया है। सुनील नारायण ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच में शतक जड़ा। ये उनकी टी20 करियर का पहला शतक भी है।


### सुनील नारायण ने जड़ा पहला शतक

सुनील नारायण साल 2011 से टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं। लेकिन 13 साल के उनके करियर में ये पहला मौका है जब उन्होंने शतक जड़ा है। सुनील नारायण इस बार आईपीएल में केकेआर के लिए ओपनिंग कर रहे हैं और वह मैनेजमेंट के फैसले पर खरे भी उतरे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच 49 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने शतक तक पहुंचने के लिए 11 चौके और 6 छक्के जड़े। नारायण इस मैच में 56 गेंदों पर 109 रन बनाकर आउट हुए।

### आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

सुनील नारायण ने इस शतक के साथ आईपीएल में एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है। सुनील नारायण आईपीएल में शतक जड़ने के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले आईपीएल में ये कारनामा किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था।

वहीं, नारायण के इतिहास के तीसरे खिलाड़ी बने हैं जिसने इस लीग में शतक जड़ा है और हैट्रिक लेने का कारनामा भी किया है।




### वन मैन आर्मी जोस बटलर...

## कोलकाता नाइट राइडर्स के जबड़े से छीना मैच

## जड़ा दमदार शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में धूम मचा दी है. राजस्थान टीम ने मंगलवार (16 अप्रैल) को ईडन गार्डन्स में खेले गए रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से करारी शिकस्त दी.

इस जीत के साथ ही राजस्थान टीम ने पॉइंट्स टेबल में अपना नंबर-1 का ताज बरकरार रखा है. संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान टीम ने अब तक 7 में से 6 मुकाबले जीते हैं. इस जीत के साथ अब राजस्थान टीम अपनी नंबर-1 की पोजिशन मजबूत कर ली है. दूसरी ओर कोलकाता टीम ने अब तक 6 में से 4 मुकाबले जीते हैं.

### बटलर अकेले डटे रहे और टीम को जीत दिलाई

ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में कोलकाता टीम ने 224 रनों का टारगेट सेट किया था, जिसके जवाब में राजस्थान टीम शुरुआत से ही लड़खड़ाती नजर आई. एक समय टीम ने 186 रनों पर 8 विकेट गंवा दिए थे और जीत के लिए 15 गेंदों पर 38 रनों की जरूरत थी. उस समय जोस बटलर क्रीज पर थे और उन्होंने हार नहीं मानी.

बटलर ने अकेले के दम पर राजस्थान को मैच जिताया. साथ ही उन्होंने अपना भी शतक पूरा किया. बटलर ने 60 गेंदों पर नाबाद 107 रनों की पारी खेली. इस दौरान 6 छक्के और 9 चौके जमाए. बटलर की पारी के बदौलत राजस्थान ने 8 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया.



# ट्रेंट बोल्ट की स्टंप तोड़ यॉर्कर ने कर दिया लाखों का नुकसान!

## क्या अब करनी पड़ेगी भरपाई?

**कोलकाता, एजेंसी।** ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल 2024 के 31वें मुकाबले में एक ऐसी यॉर्कर डाली कि स्टंप ही टूट गया. बोल्ट ने अपनी एक यॉर्कर से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान कर दिया. स्टंप टूटने के बाद खेल को कुछ देर तक रोका भी गया. ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट का 31वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था. इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के ट्रेंट बोल्ट ने खतरनाक यॉर्कर से सुनील नरेन को चलता किया था. लेकिन बोल्ट की यॉर्कर से जो स्टंप टूटा, उसकी उन्हें भरपाई करनी पड़ेगी?

पहली पारी में 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को यॉर्कर पर बोल्ड कर पवेलियन भेजा. बोल्ट की इस गेंद से स्टंप टूट गया था, जिसकी वजह से कुछ देर खेल रुका क्योंकि नया स्टंप लाकर लगाने में वक्त लगा. इस आईपीएल नए तरह के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मौकों पर अलग लाइट्स जलती हैं. जैसे- चौका-छक्का लगाने पर अलग लाइट्स, वाइड और नो बॉल होने पर अलग तरह की लाइट्स स्टंप में फ्लैश होती हैं.

### 10 लाख रुपये के करीब एक स्टंप की कीमत

एक साइड तीन स्टंप लगाए जाते हैं और मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इसमें एक स्टंप की कीमत करीब 10 लाख रुपये होती है. ऐसे में दोनों तरफ 30-30 लाख रुपये के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जाता है. यही कराण है कि अब पहले के जैसे खिलाड़ियों को मैच जीतने के बाद स्टंप निकालने की इजाजत नहीं होती है. पहले जब लकड़ी वाले स्टंप का उपयोग होता था तब खिलाड़ी मुकाबला जीतने के बाद स्टंप निकालकर ले जाते थे.

### क्या ट्रेंट बोल्ट को करनी पड़ेगी 10 लाख की भरपाई?

तो आपको बता दें कि ऐसा किसी भी तरीके का कोई नियम नही हैं. अगर गेंदबाज़ अपनी बॉलिंग से स्टंप तोड़ता है, तो उसे किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है. ऐसा कई मौकों पर देखा गया है कि अक्सर गेंदबाज़ अपनी तेज़ तर्रार गेंदों से स्टंप तोड़ देते हैं, लेकिन उन्हें किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है.

**Paris Olympics**

# बिना तैयारियों के ओलंपिक क्वालिफायर खेलेंगे पहलवान टूर्नामेंट के लिए नहीं लगा तैयारी शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती पर विवादों के साये ने ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पहलवानों की तैयारियों को छीन लिया। भारतीय टीम के पहलवान बिना तैयारियों के देश को पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने बिश्केक (किर्गिस्तान) रवाना हो गए।

ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला पहलवानों का कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया गया। पहलवान अपने स्तर पर अखाड़ों में तैयारी कर क्वालिफायर में उतरने जा रहे हैं। अभी तक भारत को कुश्ती में सिर्फ एक ओलंपिक कोटा मिला है, जो अंतिम पंघाल ने दिलाया है।

### महासंघ ने विनेश का भी डाला था नाम

सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती महासंघ ने 27 मार्च से पुरुषों का शिविर सोनीपत और महिला पहलवानों का शिविर गांधीनगर या पटियाला, बंगलूरू में लगाने की सिफारिश साई से की थी।

शिविर में ग्रीकोरोमन, फ्रीस्टाइल और महिला वर्ग के 120 से अधिक पहलवानों का नाम दिया गया था, जिसमें विनेश फोगाट समेत ओलंपिक क्वालिफायर की टीम में शामिल पहलवान भी शामिल थे। महासंघ के प्रस्ताव पर साई ने कोई फैसला नहीं लिया।

### महासंघ ने भी लगाया शिविर

साई की ओर से शिविर को मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद कुश्ती महासंघ ने भी अपने स्तर पर टूर्नामेंट के लिए कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया।

जिसके चलते पहलवान अपने स्तर पर ही तैयारियां करने को मजबूर रहे। क्वालिफायर की फ्रीस्टाइल टीम में अमन (57), सुजीत (65), जयदीप (74), दीपक पूनिया (86), दीपक (97), सुमित (125) और महिला टीम में विनेश (50), अंशु (57), मानसी (62), निशा (68), रीतिका (76 भार वर्ग) शामिल हैं।

# कैंडिडेट्स शतरंज: नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर गुकेश की बढ़त कायम

- **प्रगनानंदा और गुजराती ने भी ड्रॉ खेला**



**टोरंटो (कनाडा), एजेंसी।** डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया। गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाडियों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। कारुआना (5.5) ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा (3.5) को और नाकामुरा (5.5) ने अजरबैजान के निजात एबासोव (3) को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली (3.5) ने हार का क्रम तोड़ते हुए बुल्गारिया की नुरग्यूल सालिमोवा (4) को हराया। महिला वर्ग में चीन की झोंगयी तान और ली टिंगजी 6.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

**गुजराती ने प्रगनानंदा को आसानी से ड्रॉ पर रोका**

गुकेश के खिलाफ नेपोमनियाच्ची सफेद मोहरों से खेल रहे थे। शुरुआत में गुकेश समय के दबाव में भी फंसे। बावजूद इसके वह उन्होंने नियंत्रण बनाकर रखा। हालांकि नेपोमनियाच्ची काफी संभलकर खेल रहे थे और जोखिम लेने के मूड में कतई नहीं दिखे। वह 10 दौर के बाद टूर्नामेंट में अकेले खिलाड़ी हैं, जो अब तक हारे नहीं हैं। प्रगनानंदा को भी अभी तक टूर्नामेंट में एक हार गुकेश के खिलाफ मिली है। वह गुजराती के खिलाफ सफेद मोहरों से खेल रहे थे। गुजराती ने उनके खिलाफ बर्लिन डिफेंस का सहारा लिया और आसानी से बाजी ड्रॉ करा सी। 11वें दौर में प्रगनानंदा नाकामुरा से, गुकेश कारुआना से और गुजराती नेपोमनियाच्ची से भिड़ेंगे।




डिस्कस थ्रो

# मायकोलास ने 38 साल पुराना डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

**रामोना (अमेरिका), एजेंसी।** वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। 21 वर्षीय एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं। 2022 में उन्होंने रजत और बीते वर्ष उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एलेक्ना ने अपने पिता वर्जीलियस एलेक्ना को भी पीछे धकेल दिया है। शुल्ट के बाद सर्वश्रेष्ठ थ्रो वर्जीलियस की 73.88 मीटर थी, जो अब तीसरे स्थान पर आ गई है। एलेक्ना ने यह रिकॉर्ड क्यूबा की यामे पेरेज की ओर से एक दिन पहले ही फेंकी गई महिलाओं की सर्वश्रेष्ठ थ्रो 73.09 के बाद बनाया है।



# ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई पेरिस ओलिंपिक मशाल

## 26 जुलाई से शुरू होगें गेम्स, ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू सेरेमनी में मौजूद रहीं

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है।

17 अप्रैल से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक फ्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं।

### 1928 से जलाई जा रही है ओलिंपिक मशाल

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया।

1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है।

### पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था।

पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है।

## संपादकीय

# रामनवमी: भगवान श्रीराम के जीवन का प्रेरणादायक पर्व

रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर हम सभी को भगवान श्रीराम के महानतम चरित्र को स्मरण करने और उनके जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों को याद करने का अवसर मिलता है। भगवान राम के जन्मोत्सव के इस महान पर्व को मनाने का यह सवाल नहीं है कि भारतीय संस्कृति में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

श्रीराम का जीवन हमें उनकी महानता, धर्म के प्रति समर्पण, और समाज के प्रति करुणा के प्रति शिक्षा देता है। वे धर्म के प्रति समर्पित थे और उनके जीवन में न्याय, सच्चाई, और प्रेम के प्रति अगाध प्रेम था। भगवान राम के जीवन से हमें यह सिखने को मिलता है कि कैसे एक समर्पित और न्यायप्रिय राजा अपने राज्य के लिए प्रेम से काम करता है।

**श्रीराम का जीवन हमें उनकी महानता, धर्म के प्रति समर्पण, और समाज के प्रति करुणा के प्रति शिक्षा देता है। वे धर्म के प्रति समर्पित थे और उनके जीवन में न्याय, सच्चाई, और प्रेम के प्रति अगाध प्रेम था**

उनके जीवन में दिखाई गई भक्ति, ध्यान, और त्याग की भावना हमें यह सिखाती है कि कैसे एक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को पूरा करते हुए भगवान के प्रति समर्पित हो सकता है। उनके जीवन से हमें यह भी सीखने को मिलता है कि कैसे अधर्म के खिलाफ लड़ा जाना चाहिए और सत्य और न्याय की रक्षा के लिए साहसी बनना चाहिए।

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के इस पावन पर्व को मनाने के लिए हमें उनके जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों को याद रखना चाहिए। उनके जीवन से हमें धर्म, सत्य, और न्याय के प्रति समर्पण की भावना को अपनाना चाहिए। इस पर्व के अवसर पर हमें यह समझना चाहिए कि कैसे हम भगवान श्रीराम के जीवन के उन महत्वपूर्ण संदेशों को अपने जीवन में उतार सकते हैं और कैसे हम भगवान के प्रति अपनी भक्ति को बढ़ा सकते हैं।

इस पावन पर्व पर हम सभी को यह सोचने और समझने का अवसर मिलता है कि कैसे हम अपने जीवन को भगवान के प्रति समर्पित कर सकते हैं और कैसे हम उनके जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों को अपने जीवन में उतार सकते हैं। इस पावन पर्व के अवसर पर हम सभी को यह सोचने का अवसर मिलता है कि कैसे हम अपने जीवन को भगवान के प्रति समर्पित कर सकते है और कैसे हम उनके जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों को अपने जीवन में उतार सकते हैं।

# नारा चार सौ पार का, सामना बहिष्कार का ?

निर्मल रानी


देश में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। सत्ताधारी भाजपा जहाँ अब की बार चार सौ पार के नारे के साथ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश कर रही है वहीं संयुक्त विपक्ष इण्डिया गठबंधन भाजपा की सत्ता में वापसी रोकने के लिये एड़ी छोटी का जोर लगाये हुये है। सत्ता व विपक्ष के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल से इतर विभिन्न राज्यों से यह खबरें भी आ रही हैं कि आम नागरिकों द्वारा इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का न केवल बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कई जगह तो हिंसक विरोध से लेकर भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध प्रदर्शन तक किये जा रहे हैं। कई जगह तो ग्राम वासियों ने बाकायदा बहिष्कार व चेतावनी सम्बन्धी साइन बोर्ड भी लगा दिये हैं। तो क्या हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश व उत्तरांचल सहित कई अन्य राज्यों में हो रहे इस तरह के बहिष्कार यह साबित नहीं करते कि भाजपा का चार सौ पार का नारा महज एक चुनावी शगूफा है ?

अभी गत 30 मार्च को ही मुज़फ़्फ़र नगर में रात करीब साढ़े आठ बजे खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के काफिले की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। खबरों के अनुसार इस पथराव में 10 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गये। सभास्थल के समीप की छतों से पथराव शुरू होते ही सभा में भगदड़ मच गई।समाचारों के अनुसार पथराव के साथ ही हमलावरों ने भाजपा व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बालियान के विरुद्ध नारे बाजी भी की। इस पथराव में हमलावरों द्वारा खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की गाड़ी को क्षति ग्रस्त कर दिया गया। भाजपा ने इस घटना को विपक्ष की साजिश करार दिया है। इसी तरह गत 6 अप्रैल को जिस समय रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल जिन्हें भाजपा ने मेरठ से पार्टी उम्मीदवार बनाया है वे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर रोड शो निकाल रहे उस समय जनता ने उनका जमकर विरोध किया व मुदार्बाद के नारे लगाये। अरुण गोविल वापस जाओ-वापस जाओ के नारे भी देर तक लगाये गये। उनके रथ को स्थानीय लोगों ने जबरन रोक भी लिया। प्रदर्शनकारी भाजपा व अरुण गोविल के विरुद्ध नारेबाजी करते समय अपने हाथों में चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर रथ के आगे खड़े हो गये। और कई जगह चुनाव बहिष्कार के पोस्टर चिपका दिये गये। प्रदर्शनकारी महिलाएं चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर प्रचार रथ के आगे आईं और गुस्साये लोगों ने प्रचार रथ पर चढ़ने का भी प्रयास किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ही भाजपा के और भी कई उम्मीदवारों के विरोध व उनके बहिष्कार की खबरें प्राप्त हुई हैं।

इसी तरह मेरठ से लेकर सहारनपुर तक राजपूत समाज बड़ी बड़ी पंचायतें कर भाजपा को वोट न देने और भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का आह्वान कर रहा है। पश्चिम यूपी में ठाकुर चौबीसी जो पूर्व में भाजपा का साथ देती रही है उसी ठाकुर चौबीसी ने इसबार भाजपा के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि राजपूत समाज की नाराजगी का कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण में राजपूत समाज की अनदेखी बताया जा रहा है। राजपूत समाज गाजियाबाद से सांसद वी. के. सिंह का लोकसभा टिकट काटने के भी खिलाफ है। राजपूत उत्थान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोम तो साफ तौर पर घोषणा कर चुके हैं कि हम भाजपा और मुज़फ़्फ़र नगर लोकसभा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान का खुलकर विरोध करेंगे। उनके अनुसार जब ठाकुरों को प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया जा रहा तो राजपूत भाजपा को वोट क्यों दें? केवल राजपूत ही नहीं बल्कि त्यागी और सैनी जैसा इस क्षेत्र का प्रमुख समाज भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने कम प्रतिनिधित्व से असंतुष्ट होने की बात कर रहा है। गांव गांव इस आशय के पोस्टर लगे हैं कि पूरे पश्चिमी यूपी में इस बार ठाकुर भाजपा से आर पार करेंगे। इसी तरह सहारनपुर- दिल्ली हाईवे पर स्थित ननौता गांव में गत 7 अप्रैल को हजारों की संख्या में राजपूत बिरादरी के लोग इकठ्ठा हुये। इस से भाजपा के भीतर खलबली मच गई। क्षत्रिय समाज की संघर्ष समिति की ओर से नानौता में आयोजित इस सम्मेलन को क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ का नाम दिया गया जिसमें पश्चिमी यूपी के कई जिलों सहित राजस्थान और हरियाणा से भी ठाकुर समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। यहाँ तक कि भीड़ ने हाइवे को भी पूरी तरह से जाम कर दिया। इस सभा में वक्ताओं का कहना था कि उनके इतिहास के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। राजनीतिक द्वेष की भावना से राजपूत समाज को कमजोर किया जा रहा है। इस महाकुंभ में सम्राट मिहिर भोज और लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे का मुद्दा जोर शोर से उठाया गया। गौर तलब है कि गुर्जर और ठाकुर समाज के लोग सम्राट मिहिर भोज पर अपनी-अपनी जाति का होने का दावा करते आ रहे हैं। जिसे लेकर दोनों ही समाज में एक दूसरे के प्रति असंतोष है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और भी कई जगह इस तरह की महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है। उत्तरांचल में अनेक लोगों ने गंगा किनारे खड़े होकर भाजपा को हारने का संकल्प लिया। उनका असंतोष अंकिता भंडारी को न्याय न मिलने और अग्निवीर योजना लागु करने को लेकर था।

हरियाणा के भी कई क्षेत्रों में न केवल भाजपा का विरोध हो रहा है बल्कि सत्ता में भाजपा की मनोहर लाल खट्टर सरकार की लगभग चार वर्षों तक सहयोगी रही जननायक जनता पार्टी (जजपा) का भी जमकर विरोध किया जा रहा है। ग्रामीण इन्हें किसान विरोधी पार्टी के रूप में देख रहे हैं। हरियाणा के जींद जिले के दुराना गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहरी इलाके में एक साइन बोर्ड लगाया हुआ है जिस पर स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है कि ह्यबीजेपी-जेजेपी नेताओं को इस गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है ह्न इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करते हैं। उन्हें भी 2020-21 में हुये किसान आंदोलन के दौरान उनके अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति किसानों ने नहीं दी थी। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से तो भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों का विरोध करने का निर्णय लिया जा चुका है। खबरों के अनुसार इसतरह के व्यापक विरोध को देखते हुए पार्टी नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौर भी बंद कर दिए हैं। हरियाणा के ही ग्राम पंचायत खिड़वाली में गांव के प्रवेश द्वारा पर लगे एक बोर्ड पर ग्रामवासियों ने लिखा है कि ह्यग्राम पंचायत खिड़वाली बी जे पी व जे जे पी के नेताओं का बहिष्कार करती है। गांव में घुसने पर जान माल के खुद जिम्मेदार होंगेह्न। पंजाब, हरियाणा सहित और भी कई राज्यों में भाजपा के इसी तरह के खुले विरोध की खबरों के बीच यह खबर भी आ रही है कि जहाँ विरोध नहीं भी हो रहा वहां भाजपा नेताओं को सुनने के लिये भीड़ भी नहीं इकट्ठी हो रही। कई जगह पैसे देकर मजदूरों के हाथों में भाजपा के झंडे थमा कर उन्हें रैलियों में शामिल किया जा रहा है।

# लोकतंत्र में मतदान का महत्व



नीरज कृष्ण



**लोकतंत्र लोकप्रिय संप्रभुता के विचार पर आधारित है - यह धारणा कि सत्ता अंततः लोगों के पास रहती है**

लोकतंत्र, ग्रीक शब्द डेमोस (लोग) और क्रेटोस (नियम) से बना है, जो स्वाभाविक रूप से जनता के हाथों में शासन करने का अधिकार देता है।हालाँकि, चुनावी प्रक्रियाओं के नियमित और निष्पक्ष अभ्यास के बिना, इस सिद्धांत के क्षरण का जोखिम है, जिससे निरंकुश प्रवृत्तियों को जड़ जमाने का मार्ग प्रशस्त होता है।चुनाव, अपनी प्रकृति से, नागरिकों को अपनी प्राथमिकताएँ व्यक्त करने और अपने प्रतिनिधियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए एक संरचित अवसर प्रदान करते हैं।

लोकतंत्र लोकप्रिय संप्रभुता के विचार पर आधारित है - यह धारणा कि सत्ता अंततः लोगों के पास रहती है। चुनाव उस तंत्र के रूप में कार्य करते हैं जिसके माध्यम से इस शक्ति का प्रयोग किया जाता है, जिसमें मतदाता अपने प्रतिनिधियों को चुनने और अपने राष्ट्र के प्रक्षेप पथ को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालाँकि, मतदान करने का कार्य मात्र प्रतीकवाद से परे है; यह नागरिक कर्तव्य और नागरिक जिम्मेदारी की एक ठोस अभिव्यक्ति है।

लोकतंत्र की भव्यता में, मतदाता आवश्यक धागे हैं जो शासन के ताने-बाने को एक साथ जोड़ते हैं। उनकी भागीदारी, सहभागिता और सूचित निर्णय लेना एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली की आधारशिला है। दुनिया भर के समाजों में मतदाताओं के महत्व को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया जा सकता; वे जीवनधारा हैं जो स्वतंत्रता, प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के सिद्धांतों को कायम रखती हैं।

मतदाताओं द्वारा लोकतंत्र की मजबूती में योगदान देने का सबसे गहरा तरीका चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी है।चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेकर, नागरिक अपनी एजेंसी पर जोर देते हैं और अपने राष्ट्र के मामलों में अपनी आवाज बुलंद करते हैं।चाहे वह राष्ट्रीय चुनाव, राज्य स्तरीय चुनाव हो या जनमत संग्रह में मतदान के माध्यम से हो, प्रत्येक मतपत्र समानता और प्रतिनिधित्व के लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

इसके अलावा, मतदान का कार्य नागरिक एकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है।विचारधारा, पृष्ठभूमि या सामाजिक आर्थिक स्थिति में व्यक्तिगत मतभेदों के बावजूद, मतपेटी एक सामान्य आधार के रूप में कार्य करती है जहां सभी नागरिक अपने समाज के भविष्य को आकार देने में समान भागीदार होते हैं।इस अर्थ में, चुनाव एक एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करते हैं, जो लोकतंत्र के साझा बैनर के तहत विविध समुदायों को एक साथ बांधते हैं।

मतदाता चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।चुनावों की सतर्क निगरानी करके, अनियमितताओं की रिपोर्ट करके और निष्पक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों को कायम रखकर, नागरिक लोकतांत्रिक प्रणाली की वैधता को बनाए रखने में मदद करते हैं।इसके अलावा, मतदाता निर्वाचित अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाकर लोकतंत्र की मजबूती में योगदान देते हैं।यह जवाबदेही तंत्र सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और दुर्भावना के खिलाफ जांच के रूप में कार्य करता है, यह सुनिश्चित करता है कि निर्वाचित अधिकारी अपने मतदाताओं की जरूरतों और चिंताओं के प्रति उत्तरदायी रहें।

मतदान जवाबदेही के एक शक्तिशाली साधन के रूप में कार्य करता है, जो निर्वाचित अधिकारियों को अपने मतदाताओं की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी और जवाबदेह रहने के लिए मजबूर करता है। चुनावी प्रक्रिया नागरिकों को अपने नेताओं को उनके कार्यों और नीतियों के लिए जवाबदेह ठहराने का अधिकार देती है। अपना वोट डालकर, नागरिक कथित परिणामों और पूरे किए गए वादों के आधार पर मौजूदा पदाधिकारियों के प्रदर्शन पर फैसला देते हैं, उनके नेतृत्व का समर्थन करते हैं या उसकी निंदा करते हैं। इस संबंध में, मतदान सत्ता के मनमाने प्रयोग के खिलाफ एक शक्तिशाली जांच के रूप में कार्य करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सत्ता के पदों पर बैठे लोग जनता की भलाई के प्रति अपने दायित्वों के प्रति सचेत रहें।

इसके अलावा, मतदान सशक्तिकरण का पर्याय है, जो व्यक्तियों को उनके सामूहिक भाग्य को आकार देने में प्रभावकारिता की भावना प्रदान करता है। यह नागरिक सहभागिता की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है, जो नागरिकों को उदासीनता और उदासीनता की सीमाओं को पार करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनने के लिए सशक्त बनाता है। अपने वोटों के माध्यम से, व्यक्ति न केवल अपने अधिकारों का दावा करते हैं बल्कि राष्ट्र-निर्माण के सांप्रदायिक उद्यम में हिस्सेदारी भी निभाते हैं, जिससे एक अधिक जीवंत और लचीली लोकतांत्रिक राजनीति का निर्माण होता है।

मौलिक रूप से, चुनाव सत्ता के वितरण को बढ़ावा देते हैं।नागरिकों को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने नेताओं को चुनने का अवसर प्रदान करके, लोकतांत्रिक समाज यह सुनिश्चित करते हैं कि सत्ता विकेंद्रीकृत रहे और विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों तक फैली रहे।सत्ता का यह प्रसार एक इकाई के हाथों में सत्ता की एकाग्रता के खिलाफ सुरक्षा के रूप में कार्य करता है, जो निरंकुशता के उद्भव को रोकता है।इसके अलावा, चुनावों की आवधिक प्रकृति यह सुनिश्चित करती है कि सत्ता में बैठे लोग मतदाताओं द्वारा नियमित जांच और मूल्यांकन के अधीन हैं, जिससे जवाबदेही के सिद्धांत को बल मिलता है।

चुनाव नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार के रूप में सशक्त बनाते हैं, उन्हें नागरिक कर्तव्य और जिम्मेदारी की भावना से भर देते हैं।अपने वोट डालकर और राजनीतिक चर्चा में शामिल होकर, व्यक्ति अपने समाज को सामूहिक रूप से आकार देने में योगदान करते हैं, लोगों की सरकार, लोगों द्वारा, लोगों के लिए के लोकतांत्रिक लोकाचार को मजबूत करते हैं, जैसा कि अब्राहम लिंकन ने प्रसिद्ध रूप से व्यक्त किया है।

इसके अलावा, चुनाव समाज के भीतर विविध दृष्टिकोणों और हितों की अभिव्यक्ति के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करते हैं। लोकतांत्रिक प्रणालियों में, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को न केवल अनुमति दी जाती है, बल्कि प्रोत्साहित भी किया जाता है, जिससे विचारों का एक बाजार तैयार होता है, जिसमें विभिन्न पार्टियाँ और उम्मीदवार जनता के समर्थन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। यह बहुलवादी परिदृश्य यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी एक विचारधारा या समूह अनियंत्रित रूप से सत्ता पर एकाधिकार नहीं रख सकता है, समझौता, बातचीत और सर्वसम्मति निर्माण को बढ़ावा देता है -जो असहमति को दबाने और नियंत्रण को केंद्रीकृत करने के सत्तावादी आवेग के बिल्कुल विपरीत है।

पारदर्शिता और वैधता लोकतांत्रिक शासन के आवश्यक पहलू हैं, और चुनाव दोनों के लिए एक अग्निपरीक्षा के रूप में काम करते हैं।पारदर्शी चुनावी प्रक्रियाओं के माध्यम से, जिसमें मतपत्र खुले तौर पर डाले और गिने जाते हैं, नागरिक अपनी सरकार की वैधता और उसके द्वारा लिए गए निर्णयों पर भरोसा कर सकते हैं।इसके विपरीत, निरंकुश शासन अक्सर सत्ता को मजबूत करने के लिए चुनावी प्रक्रियाओं में हेरफेर करते हैं या उनकी उपेक्षा करते हैं, जिससे जनता का विश्वास कम होता है और लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

हालाँकि, एक मजबूत लोकतंत्र में मतदाताओं का योगदान मतपत्र डालने के कार्य से कहीं आगे तक फैला हुआ है। इसमें एक सूचित और संलग्न नागरिक वर्ग का विकास भी शामिल है। नागरिक शिक्षा, राजनीतिक प्रवचन और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, नागरिक खुद को सूचित निर्णय लेने और अपने नेताओं को जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करते हैं। इस अर्थ में, लोकतंत्र की ताकत पूरी तरह से मतदाताओं की संख्या पर निर्भर नहीं है, बल्कि उनकी भागीदारी की गुणवत्ता पर भी निर्भर करती है।

चुनाव निरंकुशता के अतिक्रमण के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा में आशा की किरण के रूप में खड़े हैं। सत्ता के वितरण, पारदर्शिता और वैधता को बढ़ावा देने, बहुलवाद को सुविधाजनक बनाने और नागरिकों को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका के माध्यम से, चुनाव सत्तावादी शासन के एकीकरण के खिलाफ एक दीवार के रूप में कार्य करते हैं। फिर भी, उनकी प्रभावशीलता लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रियाओं की अखंडता की रक्षा करने के लिए समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। लोकतंत्र के संरक्षक के रूप में, यह हमारा कर्तव्य है कि हम चुनावों की पवित्रता को संजोएं और उसकी रक्षा करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे निरंकुशता के खतरे के खिलाफ एक दृढ़ बचाव बने रहें।

लोकतंत्र की जीवंतता आंतरिक रूप से मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी और संलग्नता से जुड़ी हुई है। वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करके, अपने नेताओं को जवाबदेह बनाकर, और एक सूचित और संलग्न नागरिक वर्ग को बढ़ावा देकर, मतदाता लोकतांत्रिक संस्थानों की लचीलापन और जीवंतता में योगदान करते हैं। लोकतंत्र के संरक्षक के रूप में, मतदाताओं के पास इसकी परिवर्तनकारी क्षमता को अनलॉक करने और यह सुनिश्चित करने की कुंजी है कि स्वतंत्रता, प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के सिद्धांत आने वाली पीढ़ियों के लिए बने रहें।

मतदान लोकतंत्र की धड़कन है, जो नागरिक सहभागिता और राजनीतिक अभिव्यक्ति की लय से स्पंदित होता है। यह एक माध्यम के रूप में कार्य करता है जिसके माध्यम से जनता की आवाज सामाजिक-आर्थिक बाधाओं और वैचारिक विभाजनों को पार करते हुए गूंजती है। मतपेटी के माध्यम से, व्यक्ति, उनकी पृष्ठभूमि या स्थिति की परवाह किए बिना, इतिहास के इतिहास पर अपनी आकांक्षाओं को छापने के लिए, अपने राष्ट्र की दिशा तय करने की शक्ति का उपयोग करते हैं।

शासन की टेपेस्ट्री में, लोकतंत्र सामूहिक सशक्तिकरण के एक प्रकाशस्तंभ के रूप में सामने आता है, जहां व्यक्तियों की आवाज मतदान के तंत्र के माध्यम से गूंजती है। अपने मूल में, लोकतंत्र उस मूलभूत सिद्धांत का प्रतीक है कि शक्ति लोगों से निकलती है, और मतदान इस प्रक्रिया की आधारशिला के रूप में कार्य करता है। मतपत्र डालने के कार्य के माध्यम से, नागरिक इतिहास की धाराओं के माध्यम से अपने राष्ट्र के पथ को निर्धारित करते हुए, अपने राष्ट्र के प्रक्षेप पथ को आकार देने का अधिकार प्राप्त करते हैं। संक्षेप में, लोकतंत्र इस सिद्धांत पर पनपता है कि हर आवाज मायने रखती है, और हर वोट मायने रखता है।

# खास है 2024 की रामनवमी: रामभक्तों के शहर हजारीबाग में निराली लगती है झंडा पर्व की फिजां...

- आज दिखेगा हजारीबाग के ख्यातिपूर्ण रामनवमी जुलुस का अद्वितीय, अनुपम और खुशगवार नजारा
- सड़कों पर उतरेगा विशाल जनसैलाब, झांकियों के कतारबद्ध कारवां से शहर होगा गुलजार
- जय श्री राम और बजरंगबली के नारे से गुंजयमान होगा वातावरण

रंजन चौधरी

साल 2024 का रामनवमी बेहद खास है। वर्तमान वर्ष रामलला टेंट में नहीं बल्कि अद्भुत, अलौकिक और भव्य श्रीराम मंदिर में पधार चुके हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के साथ संपूर्ण दुनिया रामलला के जन्मोत्सव को खास तरीके से मना रहा है। झारखंड राज्य के रामभक्तों के शहर के नाम से मशहूर हजारीबाग में झंडा पर्व की फिजां निराली लगती है।

सद्भावना, एकता और भाईचारगी का मिसाल हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नाजारा आज देर शाम दिखेगा। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारगी का संदेश देने हेतु हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भुत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की पुरनूर झंकार और गडगड़ाहट, लाठियों के तड़तडाहट, नुक्कड़ों के शोर के जोर संग थिरकते- नाचते- झूमते सड़क पर उतरेंगे। यह धार्मिक जुलूस जो अनवरत कल देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें- नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आँखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला- कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता है।

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवा- श्रीराम, देवों के देव महादेव और वीर बजरंगबली के नारे से हजारीबाग के चारों दिशाएँ गूंज उठती है। इन मनभावन, अद्वितीय, अनुपम, खुशगवार दृश्यों का अवलोकन करने हेतु दूर- दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ता है।

हजारीबाग की रामनवमी जुलूस यहां की तहजीब समृद्धि सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक बन चुका है। यहां रामनवमी अतिविशिष्ट लोक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मनाये भी क्यों नहीं, यह उनका जन्मदिन का उमंग है, जो पापी, अत्याचारी और अधार्मिक व्यक्ति को भी सन्मार्ग पर लाकर श्रेष्ठ व्यक्ति बना सकते हैं। वे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हजारीबाग वासियों द्वारा विशेष तरीके से मनाया जाता है। भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र और धार्मिक उपदेश को पहल करके मनुष्य उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के सेवार्थ यहां दर्जनों स्टॉल लगाए जाते हैं।



रामनवमी जुलूस के सौहार्दपूर्ण संचालन के लिए यहां तमाम जनप्रतिनिधि, रामनवमी महासमिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण के अलावे जिला प्रशासन, सभी राजनीतिक दलों के लोग, सद्भावना समिति के लोग, सभी धर्म- संप्रदाय के लोग, समाजसेवी, शिक्षाविद्ध, प्रेस- मीडिया और हजारीबाग के प्रबुद्ध लोगों के साथ समस्त आम-आवाम जुलूस में तैनात रहेंगे जुलूस के संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भी विधि व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है। जिले के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार जुलूस मार्ग का खुद निरीक्षण कर रहे हैं। शहर में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे के अलावे ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जा रही है।

कोरोना के विध्वंस कारी स्वरूप ने पिछले 2 वर्ष जो भयावह स्थिति पैदा किया उसके कारण हजारीबाग के रामनवमी शोभायात्रा का पारंपरिक स्वरूप हजारीबाग की सड़कों पर 02 वर्षों तक यानी साल 2020 एवं 2021 में नहीं दिखा। दो वर्ष बाद साल 2022 में पारंपरिक रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर राम भक्त उत्साहित दिखे। कोविड प्रोटोकॉल के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया गया। साल 2023 में कोविड प्रोटोकॉल पूरी तरह समाप्त होने के बाद राम भक्तों का उत्साह वैभव पर है लेकिन उनके उत्साह को झारखंड सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर पाबंदी कर कम करने का प्रयास किया गया। हालांकि उस वक्त हजारीबाग के जनप्रतिनिधि और रामभक्त इसे लेकर मुखरता से आवाज बुलंद करते रहे। साल 2023 में डीजे के बगैर उत्साह और उल्लासपूर्वक सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाया गया। साल 2024 के खास रामनवमी को लेकर यहां के रामभक्तों और सनातनी श्रद्धालुओं में विशेष उमंग है और हजारीबाग के हरेक रामभक्त के रोम- रोम में राम नवमी का जुनून सवार दिख रहा है। रामनवमी से पूर्व से ही यहां आकर्षक झांकियों और शोभायात्रा का संचालन शुरू हो चुका है। 500 वर्षों बाद जब पहली बार टेंट से निकलकर मंदिर में रामलाल स्थापित हुए हैं तो उनके मंदिर आगमन की खुशी में रामभक्त फूले नहीं समा रहें हैं और अबकी हजारीबाग की रामनवमी यानी दशमी और एकादशी को सड़कों पर उतरकर इस आंतरिक खुशी का इजहार करेंगे। 100 से अधिक वर्ष का रामनवमी जुलूस का पारंपरिक इतिहास एक बार फिर दोहराने को यहां के लोग बेताब है। हजारीबाग में रामनवमी लोकउत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस धार्मिक उत्सव के दौरान वृहत स्तर पर समाज के कई वर्गों को रोजगार भी मिलता है। जिसमें तासा पार्टी, साउंड वाले, झंडों के व्यवसाई, झांकी के सामग्री विक्रेता, फ्लेक्स, पोस्टर, रशीद छपाई वाले, मिठाई वाले, पूजन सामग्री विक्रेता, गाड़ी वाले, पारंपरिक हथियार विक्रेता, कपड़ा विक्रेता, मूर्तिकार, ठेला - खोमचे वाले सहित अन्य के लिए रोजगार सृजन का माध्यम है। वर्तमान वर्ष भी हजारीबाग की रामनवमी में सरकार और प्रशासन द्वारा डीजे पर पाबंद लगाने से अखाड़ा धारियों पर वित्तीय बोझ बढ़ा है और ताशा पार्टी की कमी की वजह से अखाड़ा धारियों को बढ़िया तासा भी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन अब यह भविष्य के गर्भ में है कि जुलूस पर सरकार की पाबंदी कितना कारगर होती है।

हजारीबाग के सनातन धर्म प्रेमियों व भक्तजनों से अपील है कि शांतिपूर्ण तरीके से परंपरागत रूप से जुलूस में भाग लें और इसे सफल बनाएं।

सदर विधायक के मीडिया प्रभारी

## अज्ञात अपराधियों मारी गोली युवक की मौत



**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बारियातु निवासी योगेंद्र साव उर्फ छोटू पिता ननक साव उम्र लगभग 30 वर्ष के ऊपर बुधवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बता दे कि कंडाबेर पंचायत के पतरा खुर्द हटरिया मेला टांड से वापसी के दौरान ज्ञान ज्योति स्कूल के समीप अपराधियों ने गोली मारी है। बड़कागांव अस्पताल ले जाने के वक्त रास्ते में उसने दम तोड दिया। युवक को बड़कागांव सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसके मौत की पुष्टि की। बताया जा रहा है कि अज्ञात अपराधियों ने दो गोली उसके सीने में मारा। इधर पुलिस इस मामले की जांच करने में जूटी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# जय श्री राम के जयकारे से गूंजता रहा पूरा शहर

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गिरिडीह अमित सहाय :** बुधवार को रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया।त्योहार के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। पुलिस प्रशासन के द्वारा ड्रोन कैमरे से पल पल की निगरानी रखी गई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव और सनातन धर्म के शौर्य पराक्रम के महापर्व रामनवमी को लेकर पूरा शहर जय श्री राम के जयकारे से गूंजता रहा। हर एक रामभक्त अपने शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ दिखाया. एक तरफ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लाठी समेत अन्य अस्त्र शस्त्रों का खेल भी खेला गया। इधर रामनवमी को लेकर सनातनियों में काफी उत्साह था वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने से सभी सनातनियों खासकर युवाओं का जोश उत्साहित दिखे। अखाड़ा समिति के लोग एवं अन्य हिन्दू धर्मावलंबी हाथों में श्रीराम एवं हनुमान की झंडा लिये रामनवमी जुलूस में शामिल हुए। जिले के विभिन्न अखाड़ा समिति द्वारा एक से एक आकर्षक झांकी निकाली गई जो क्षेत्र भ्रमण कर पुनः अपने कार्यक्रम स्थान पहुंचा। अखाड़ा जुलूस में लोगों द्वारा अपने कला का प्रदर्शन किया। रामभक्तों द्वारा लगाये जा रहे जय श्रीराम एवं जय हनुमान के उद्घोष से पूरा क्षेत्र राममय हो गया ।

**रामनवमी को लेकर गिरिडीह पुलिस प्रशासन द्वारा जनता व अखाड़ा प्रबंधकों से किया अपील**

रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड रही। रामनवमी को लेकर गिरिडीह पुलिस ने प्रशासन द्वारा जनता व अखाड़ा प्रबंधकों से अपील किया कि किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर 100/112 या 9693143157 (कंट्रोल रुम) पर सूचित करें। अखाड़ा प्रबंधकों को निर्धारित मार्ग से ही जुलूस ले जाना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

आम जनता से अपील किया कि जुलूस मार्ग के सभी चौक चौराहों पर स्टैटिक सशस्त्र बल, मोबाईल सशस्त्र बल एवं महिला बल प्रतिनियुक्त हैं किसी भी आपात स्थिति में इनकी मदद ली जा सकती है, पुलिस के द्वारा निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं इसलिए ऐसा कोई कार्य नहीं करें जिससे आपको शर्मिंदा होना पड़े. पीसीआर वाहन/थाना मोबाईल/बाईक दस्ता सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहेगी. आप भी इनको पूरा सहयोग दें. अखाड़ा प्रबंधको से अपील किया - अखाड़ा प्रबंधक अपने स्तर से अखाड़े में प्रतिनियुक्त वालंटियर को फोटोयुक्त पहचान पत्र निर्गत करें. अखाड़ा प्रबंधक जुलूस को निर्धारित मार्ग से ही ले जाना सुनिश्चित करेंगें.।

## एक-नजर

### पूर्णाहुति व भंडारे के साथ 9 दिवसीय राधा - कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का समापन



**तिसरी प्रतिनिधि।** तिसरी प्रखंड के ककनी में आयोजित 9 दिवसीय राधा - कृष्ण एवं हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन बुधवार को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ हो गया। बता दें कि झारखण्ड युवा एकता संगठन दिल्ली के प्रधान संरक्षक उमेश प्रसाद राणा के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होकर हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यज्ञाचार्य एवं मुख्य प्रवचनकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सिंघो के पूर्व मुखिया लेखराज यादव एवं यज्ञ समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा। दिल्ली से विनोद कुमार,लक्ष्मीपुर से मंटू शर्मा,कृष्ण कुमार पंडित, मुन्ना राणा, सुनील मिस्त्री, मनोज बरनवाल, राजकुमार शर्मा, इत्यादि उपस्थित हुए।।

### पूरे तिसरी प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का त्योहार




**तिसरी प्रतिनिधि।** पूरे तिसरी प्रखंड में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया गया। प्रखंड के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड लगी रही। वहीं दोपहर के बाद जगह - जगह जुलुस निकाला गया। इस दौरान तिसरी प्रखंड मुख्यालय, चंदौरी, पलमरुआ, गुमगी, भंडारी आदि कई गाँवों में अखाडा भी लगाया गया। जहां लोगों ने जमकर लाठियाँ भांजी और एक से बढकर एक हैरतअंगेज करतब भी दिखाया। इस दौरान तिसरी हनुमान मन्दिर में राम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की झांकी भी निकाली गई । यह जुलूस तिसरी हनुमान मन्दिर से गमहरियाटांड़ से तिसरी चौक होते हुए वापस हनुमान मन्दिर लौट आया।

इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान आदि नारे गूंजते रहे। वहीं विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस - प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखी। इस मौके पर कमिटी सदस्य किशोरी साव, विकास गुप्ता, रोहित कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रेम कुमार, नितेश सिंह, विकास कुमार, कुणाल कुमार, अभिमन्यु कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।.

### प्रवासी मजदूर तुलसी सिंह की आकस्मिक मौत



**सरिया :** बगोदर प्रखण्ड के खेतको गांव के प्रवासी मजदूर तुलसी सिंह उम्र 37 वर्ष पिता भुनेश्वर सिंह की आकस्मिक मौत मुम्बई के पनवेल में बीते मंगलवार की रात को हो गयी। बुधवार को भाकपा माले का एक प्रतिनिधिमंडल खेतको गांव पहुंचा।इस दौरान माले राज्य कमिटी सदस्य परमेश्वर महतो,प्रखण्ड सचिव पवन महतो, प्रवासी मजदूरों के हितार्थ सदैव सक्रिय रहनेवाले व जरमुने पश्चिमी के निवर्तमान मुखिया संतोष कुमार रजक पूर्व पंस कैलाश महतो,राजेन्द्र महतो ,हेमलाल महतो व अन्य मृतक तुलसी सिंह के घर खेतको गांव पहुंचे और शोकसंतप्त परिजनों व ग्रामीणों से मिले और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इधर माले नेता संतोष कुमार रजक ने कहा कि रामनवमी के मौके पर प्रवासी मजदूर तुलसी सिंह की संदेहास्पद मौत बेहद पीडादायक है।दुख और पीडा की इस घडी में हम सब शोकाकुल ग्रामीणों व परिजनों के साथ हैं।उन्होंने बताया कि इस संबंध श्रमाधीक्षक से बात हुई है जिसमें पार्थिव शरीर को घर लाने के लिए दो-तीन के दिन अंदर पचास हजार रुपये का तत्काल सहायता राशि मिल जाएगी।

### प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**गिरिडीह :** लोकसभा आमचुनाव एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को निम्नांकित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 1. किरण पब्लिक स्कूल, गिरिडीह। 2. बीएनएस डीएभी पब्लिक स्कूल गिरिडीह। उपरोक्त प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को निर्धारित एक पाली में लगभग 625 मतदान कर्मियों को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिनांक 15.04.2024 को निर्धारित लक्ष्य 1799 कर्मियों के विरूद्ध 1753 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें प्रथग मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, तृतीय मतदान पदाधिकारी एवं पीठासीन पदाधिकारी शामिल थे। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में से 46 मतदानकर्मी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे। त्क्र कोड की सहायता से आयोजित आकलन परीक्षा में लगभग 1490 कर्मियों ने भाग लिया। यह आकलन 20 प्रश्नों का था, जिस पर प्रत्येक प्रश्न के लिए 01 अंक निर्धारित था। दिनांक 15.04.2024 को कुल प्रतिमागियों में से 301 कर्मियों ने शत् प्रतिशत् अंक प्राप्त किये तथा आकलन का औसत प्राप्तांक 75-80त्न रहा। आकलन के परिणामों के आधार पर आगामी प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करने का कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया है। सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर कराये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जा रहा है, जिसकी राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा सतत् निगरानी किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में देवेश कुमार सिन्हा, ए0डी0पी0ओ, रोहित कमल, ए0पी0ओ0, कुमार राज, ए0. पी0ओ0, अरविन्द कुमार राय, बी0पी0ओ0, भोला कुमार राय, बी0पी0ओ0, आशीष सुमन, सी0आर0पी0, रितेश कुमार वर्णवाल, सी0आर0पी0, मनोज कुमार राय, बद्रीनारायण, मो0 सलीम अंसारी, श्रवण कुमार लाल आनंद शंकर, ब्रजेश कुमार गुप्ता, विजयेन्द्र सेठ, राम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन नोडल पदाधिकारी-सह- एल0आर0डी0सी0 डुमरी, मो0 वसीम अहमद, प्रभारी पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुकुल राज, सहयोगी पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अभिनव कुमार सिन्हा, ए0पी0ओ0, के द्वारा किया गया।

### बिरनी में धडल्ले से चल रहा है पत्थर का अवैध कारोबार

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखण्ड में इन दिनों धडल्ले से पत्थर का अवैध कारोबार चल रहा है । अवैध पत्थर और ओवरलोड होने के कारण रात के अंधेरे में की जाती है धुलाई । बिना चालान के अवैध पत्थर को पहुंचाया जाता है अन्य जिले ।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने रामनवमी का त्यौहार आपसी मेल मोहब्बत से मनाने का किया अपील

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गांवा :** गांवा प्रखंड अंतर्गत गावां काली मंडा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने गावां काली मंडा में मां दुर्गा की प्रतिमा पर फूल माला बेलपत्र प्रसाद आदि पूजा अर्चना एवं नतमस्तक किया, और उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की रामनवमी का त्यौहार एक बहुत बहुत बड़ा त्यौहार है इसे सभी आपस मेल मोहब्बत से मनाये आपसी झगड़ा झंझट न करें एवं एक दूसरे को रामनवमी की बधाइयां दी, उसके बाद उन्होंने पटना पंचायत स्थित पूर्व जिला परिषद राजेंद्र चौधरी की मां शोक सभा में शामिल हुए उन्होंने संतावना दिया, एवं पुनः अपने निवास स्थान को कोदई बाग के लिए रवाना हो गए । मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ,सांसद प्रतिनिधि श्री राम यादव ,पहलाद सिंह, चंद्रशेखर आजाद ,अजीत शर्मा, विशाल राणा, विशाल पांडे, ललित पांडे ,बिरजू राणा , सुरेश साव, जय प्रकाश राम, आशा देवी, उषा देवी, अंकज सिंह, विवेक सिन्हा ,जॉनी पांडे, समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।.

## रेफरल अस्पताल में प्रसव के नाम पर राशि मांगने का लगाया आरोप, कार्रवाई का किया मांग




**डुमरी-** डुमरी थाना क्षेत्र के बासोकांडो निवासी राकेश कुमार कोल्ह ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल डुमरी को पत्र देकर रेफरल अस्पताल में प्रसव के नाम पर राशि मांगने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।आवेदन में लिखा है कि 16 अप्रैल को अपने भाभी सोनिया कुमारी (पति किशुन कोल्ह) को प्रसव के लिए रेफरल अस्पताल डुमरी लेकर आया जहां प्रसव कराने के नाम पर कार्यरत जीएनएम के द्वारा मनमाना राशि मांग किया गया।मेरे द्वारा असमर्थता जताने पर कार्यरत कर्मी द्वारा बताया गया कि राशि नही दीजिएगा तो यहाँ से अपने मरीज को ले जाइए बिना पैसे का यहां प्रसव नहीं किया जाएगा।काफी मिन्नत के बाद मेरे भाभी का प्रसव किया गया लेकिन उसके बाद भी राशि के लिए दवाब बनाती रही।लिखा है कि उचित जांच कर दोषी एएनएम/जीएनएम के विरुद्ध कार्रवाई करने की कृपा किया जाए।ताकि किसी अन्य को ऐसी परिस्थितियों का सामना नही करना पड़े।इधर खबर पाकर रेफरल अस्पताल पहुंचे जिप सदस्य प्रदीप मंडल ने कहा कि सरकारी अस्पताल में भी यदि प्रसव के नाम पर राशि की मांग की जाएगी तो फिर गरीब गर्भवती महिलाओं का प्रसव संस्थागत नहीं हो पाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत वे उपायुक्त और सीएस से करेंगे।वहीं कार्यरत जीएनएम का कहना है कि आरोप निराधार है।.

## अवैध बालू तस्करी के खिलाफ प्रशासन मौन, बालू माफिया खुलेआम प्रशासन को दे रहा चुनौती

**बालू कारोबारीयो का मनोबल इतनी बढ़ा कि पदाधिकारी वो पुलिस को भी बनाकर बंधक।**

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गिरिडीह /गांवा :** अवैध बालू तस्करी के खिलाफ प्रशासन मौन, बालू माफिया खुलेआम बालू तस्करी कर प्रशासन को चुनौती दे रहा है। बालू कारोबारीयो का मनोबल इतना बढ़ता जा रहा है कि प्रशासनिक पदाधिकारी वो पुलिस को भी घंटो बंधक बनाकर रखा जा रहा है। गांवा में बालू घाटों की नीलामी नहीं, लेकिन फिर भी गांवा सकरी नदी, बेंडरो नदी, सेरूवा नदी, पछियारीडीह नदी, पथलडीहा नदी,अम्तरो नदी, धनैता नदी से प्रत्येक दिन बालू तस्करी बदस्तुत जारी है। अवैध बालू तस्करी के खिलाफ पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से बालू माफियो का मनोबल काफी बढ़ गया है, लिहाजा अब दिनदहाड़े बालू तस्करी करने लगे हैं। उक्त नदियों में सुबह से बालू तस्करी का खेल शुरू हो जाता है जहां धंधे बाद दिनभर मजदूरों से नदी मे से ट्रैक्टरों में बालू लोड कर इसकी तस्करी करते हैं। गांवा सकरी नदी की स्थिति यह है कि यहां सुबह से ही नदी से बालू का ट्रैक्टर निकलने लगता है। कारोबारी की दर्जनों ट्रैक्टर सुबह से ही बालू उठाव शुरू करता है। जो पूरे दिन भर बालु उठाव का सिलसिला जारी रहता है,जो बालू माफिया की करतूत के कारण गांवा के सभी नदीयो में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जो बरसात के दिनों में जान माल की छती पहुंचा सकता है। बालू कारोबार में अपने दिन में बालू ट्रैक्टर से उठाकर के ऊंची कीमत में गांवा, सतगावां, गूंमगी, तीसरी , धनवार समेत कई अनेक क्षेत्रों में बेचते हैं। सकरी नदी में बालू कार्यबारियों के द्वारा लगातार बालु का उठाव अस्तित्व खतरे में पर रहा है। इधर गांवा सी ई ओ अविनाश रंजन ने कहा बालु उठाव करना छोड़ दे अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, कहा की जल्द ही टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

## कुर्सी का गलत इस्तेमाल करना बंद करे बिरनी अंचलाधिकारी

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**बिरनी/गिरिडीह:** बिरनी मे सैकड़ों जमीनी मामला अंचल मे पड़ा है लोगों को खत्यानी प्लॉट ऑनलाईन नही हुआ है जिसके लिए लोग अंचल मे आवेदन दे कर महीना दो महीना हो गया है लेकीन काम नही हो रहा है गरीबों का जमीन माफियाओं के द्वारा कब्जा किया जा रहा है जिसमे अंचल अधिकारी का संरक्षण मिला हुआ है गरीब अपना जमीन नही बचा पा रहे हैं और अंचल अधिकारी मौन है खनन के मामले मे हाइबा से पत्थर का कालाबाजारी हो रहा है सभी हाइवा से पैसा वसूल किया जा रहा है बालू ट्रेक्टर वालों से भी पैसा बंधाने के लिए ट्रेक्टर वालों को धर पकड़ किया जा रहा है प्रखंड मे बहुत सारा सरकारी योजना चल रही है जिसमे बालू बगैर काम नही हो सकता है तो ओ बालू कहां से आयेगा अधिकारी जवाब दे बिरनी अंचलाधिकारी जनता के मामले को हल करने नही बल्कि अपना संपति अर्जित करने बिरनी आए हैं इसे बिरनी की जनता कतई नही ब्रदाश्त करेगी भाकपा माले प्रखंड सचिव पर किसी राजनीतिक के इसारे पर किया गया मुकदमा वा इजात वापस ले अंचलाधिकारी नही तो और लोगों पर मुकदमा करने के लिए तैयार रहे।सीताराम पासवान ऋ्र प्रखंड संयोजक बिरनी सह जिला उपाध्यक्ष गिरीडीह।.

# रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया, पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**डुमरी-** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया।त्योहार के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही।विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन के द्वारा ड्रोन कैमरे से निगरानी करते रहे जबकि रामनवमी के पूर्व संध्या पर डुमरी एवं निमियांघाट थाना पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरे से विभिन्न घरों के छत्तों पर मौजूद सामग्री का निगरानी किया साथ ही जिन लोगों के घरो ईंट,पत्थर,लाठी,हरवे हथियार या अन्य कोई वस्तु दिखाई दिया उसके गृहस्वामी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा।इसे वर्तमान में अनुमंडल स्तर पर कार्यरत पुलिस प्रशासन के बीच सामंजस्य की प्रगाढ़ता का असर कहिये या फिर आचार संहिता का असर कि पूरी टीम रामनवमी को शांति व सौहार्द के साथ संपन्न कराने में जूटी रही।इधर रामनवमी को लेकर सनातनियों में काफी उत्साह था वहीं अयोध्या में ।भव्य राम मंदिर बनने से सभी सनातनियों खासकर युवाओं का जोश काफी हाई था,प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अखाड़ा समिति के लोग एवं अन्य हिन्दू धर्मावलंबी हाथों में श्रीराम एवं हनुमान की झंडा लिये रामनवमी जुलूस में शामिल हुए जबकि जामतारा,इसरीबाजार व क्षेत्रों में आकर्षक झांकी निकाली गई जो क्षेत्र भ्रमण कर पुनः अपने कार्यक्रम स्थान पहुंचा।अनुमंडल प्रशासन द्वारा प्रखंड में संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों के चिकित्सओ एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अलग अलग क्षेत्रों में ड्यूटी पर लगाया गया था।अखाड़ा जुलूस में लोगों द्वारा अपने कला का प्रदर्शन किया।रामभक्तों द्वारा लगाये जा रहे जय श्रीराम एवं जय हनुमान के उद्घोष से पूरा क्षेत्र राममय हो गया था।रामनवमी को लेकर सार्वजनिक स्थानों, चौक चौराहों,संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी।



## प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया रामनवमी पर्व

उधवाः बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पर्व मनाया। जहां उधवा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच गाजे बाजे के साथ रामनवमी जुलूस निकाली गई। इस मौके पर उधवा, फुदकीपुर, कटहलबाड़ी, बेगमगंज, राधानगर, आतापुर, मसना, अमानत दियारा सहित विभिन्न इलाकों के बजरंग बली मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा ध्वजारोहण किया गया। वहीं उधवा उद्धवमुनि आश्रम, दक्षिण बेगमगंज, अमानत दियारा पंचायत में रामनवमी जुलूस भी निकाली गई। इस दौरान लोगों ने गाजे बाजे के साथ विभिन्न गांवों का भ्रमण किया तथा जय श्री राम के नारों से पूरा समाज राममय हो गया। इधर प्रशासन की ओर से सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी जहाँ भारी संख्या में पुलिस बल, एसएसबी जवान तथा संवेदनशील इलाकों के लिए कैमरा युक्त ड्रोन की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर बीडीओ सह सीओ विशाल पांडे, थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एसआई रूपेश कुमार यादव, विनय सिंह सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## रामनवमी पर्व पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चप्पे चप्पे पर रखी जा रही ड्रोन कैमरे से नजर



साहिबगंजः रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न अखाड़ा दल के जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया गया। जहां स्थानीय नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जुलूस मार्ग वाले रोड पर कैमरे से युक्त ड्रोन की मदद से जुलूस मार्ग में पड़ने वाले सभी आवासीय परिसर व अन्य इमारतें का सत्यापन सुरक्षा के दृष्टिकोण से किया गया। वही पुलिस द्वारा यह अभियान रामनवमी पर्व तक निरंतर जारी रहेगा। जहां जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्योहार मनाने की अपील पूरे जिलेवासियों से की गई है। उधर रामनवमी पर्व पर शहर में निकलने वाले जुलूस के दौरान गड़बड़ी करने की मंशा रखने वालों को पुलिस चिन्हित कर रही है जिनके विरुद्ध नियम संगत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उधर नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने शहर के कुलीपाड़ा, कृष्णानगर, बड़तल्ला, ग्रीन होटल मोड़ सहित कई अन्य जगहों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया।

## बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे चलधोवा गांव के लोग



बोरियोः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जेटके कुम्हारजोरी पंचायत के चलधोवा गांव के लोगों को गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि गांव में चापानल रहते हुए भी लोगों को पीने योग्य पानी नहीं मिल रहा है। वहीं यहां के ग्रामीणों का कहना है जब से यह चापानल बनाया गया है तब से ही पानी सही रूप से निकलता ही नहीं है। वही जैसे ही गर्मी का मौसम शुरू होता है यहां के लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही ग्रामीणों का कहना है कि अंचल अधिकारी हो या फिर पीएचडी जल विभाग के आला अधिकारी हो कम से कम इस गांव में रहने वाले आदिम जनजाति परिवार के लोगों को पीने के लिए पानी का व्यवस्था कराया जाए ताकि यहां निवास करने वाले लोगों को पीने के लिए पानी का समस्या ना हो।

## महादेवगंज ठाकुर बाड़ी में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी का पर्व

साहिबगंजः सदर प्रखंड क्षेत्र के महादेवगंज ठाकुर बाड़ी में बड़े ही धूमधाम तरीके से रामनवमी का पर्व मनाया गया। जहां गोड़ी टोला अमरदीप मेडिकल होते हुए जुलूस को निकाला गया। उधर रामनवमी पर्व को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह अपने दल बल के साथ रामनवमी जुलूस के साथ दिखे। वही थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी निगरानी में धूमधाम से जयकारे के साथ जुलूस को घुमाया। वही समाज के समाजसेवी मनोज कुमार यादव भी साथ में दिखे एवं नियम के अनुसार पूजा अर्चना भी किया गया। जहां लोगों में बहुत ही उत्साह दिखा एवं शांतिपूर्ण वातावरण से रामनवमी पर्व पर आयोजित पूजा का समापन किया गया।

## घर में खाना बनाने के दौरान लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ राख



राजमहलः प्रखंड के मंगलहाट के पत्थरचट्टी गांव में बुधवार को एक घर में आग लग जाने से सारा सामान जल कर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार युधिष्ठिर बिंद के पत्नी लखिया देवी दोपहर को रसोई घर में खाना बना रही थी इसी दौरान किसी तरह आग पकड़ लिया और आग देखते ही देखते पूरे घर में फैल गई। वही हो हल्ला होने पर आसपास के लोग एवं ग्रामीणों की मदद से कुआं चापानल व पानी टंकी सहित अन्य साधनों से आग को बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इस आगलगी की घटना में घर पर रखा सामान एवं अन्य चीज जल गया। उधर इसको लेकर पीड़िता लखिया देवी ने बताया कि उसके पति कुछ महीने पहले मजदूरी करने के लिए केरल गया है। वही उन्होंने बताई कि घर में रखा नगद, अनाज, कीमती सामान सहित 2 लाख से अधिक समान जलकर राख हो गया है। उधर आगलगी की घटना में पीड़ित परिवार के बीच जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजेश मंडल ने राहत सामग्री का वितरण किया।

## 56 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

साहिबगंजः मिजाचौकी थाना क्षेत्र की पुलिस ने बड़तल्ला गांव में छापेमारी करते हुए अवैध 56 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां इसको लेकर सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार व्यक्ति बिहार में इन शराबों को खपाने की फिराक में था जिसे रंगेहाथ पकड़ लिया गया है। वही गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान गोपाल मंडल पिता सुखदेव मंडल के रूप में हुई है जिसे जेल भेज दिया गया है।

## 30 किलो जावा महुआ को पुलिस ने किया नष्ट

साहिबगंजः लोकसभा चुनाव को लेकर नशे के खिलाफ पुलिस ताबड़तोड़ अभियान चला रही है। इसी क्रम में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध पुलिस ने अभियान चलाकर जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत सकरुगढ़ गैस गोदाम, बड़ा पचगढ़, कबूतरखोपी, ढालू टोला में लगभग 30 किलो अवैध जावा महुआ को विनिष्ट किया। इस दौरान कारोबारी भाग खड़े हुए जहां पुलिस ने उनके परिजनों को धंधा बंद रखने की चेतावनी दी है।

# बोरियो में रामनवमी पर निकली भव्य झांकी




उज्जवल दुनिया संवाददाता

बोरियोः- प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पर्व के अवसर पर बुधवार को भव्य श्री राम झांकी निकाली गई। जहां यह झांकी बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले निकली। इस भव्य झांकी में श्री राम, लक्ष्मण, सीता, बजरंग बली के रुप में बालक बालिकाओं को सजाया गया था। उधर पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के साथ बोरियोवासी बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। यह शोभा यात्रा पुरानी दुर्गा मन्दिर नमस्ते रोड से निकल कर बंगाली टोला, मेन रोड, थाना रोड, तेली टोला, यादव टोला, हरिजन टोला होते हुए गुजरी। इस मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ता रजनीश कुमार, विष्णु मोदी, संजय दादा, किशोर ठाकुर, सहित अन्य मौजूद थे। उधर पुलिस बल की गश्ती दल में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी रूपक कुमार सिंह, इंस्पेक्टर एन. डी. राय, एसआई पंकज वर्मा सहित अन्य पुलिस के जवान मुस्तैद थे। वही बोरियो अंचलाधिकारी विजय हेमराज खालको भी सुरक्षा व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे।



## पंचकठिया बाजार में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी का पर्व

बरहेट संवाददाताः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जगह जगह पर बुधवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जगह जगह रैलियां भी निकाली गई। उधर बरहेट प्रखंड अंतर्गत पंचकठिया में नियम के अनुसार पूजा अर्चना किया गया जहां लोगों में बहुत ही उत्साह एवम शांति वातावरण से पूजा को समापन किया गया।

वही शाम को भजन कीर्तन व भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों हजार की संख्या में खिचड़ी प्रसाद का भोग वितरण किया गया। वही महिला, पुरुष व छोटे छोटे बच्चों ने जय श्री राम, जय श्री राम नाम के नारे लगाए और पर्व का आनंद लिया। उधर पूजा में शामिल पूजा कमेटी के अध्यक्ष सरोज दा, जयप्रकाश दे, अमित रूज, असीम दे, कालू दत्ता, राजीव रंजन दत्ता समेत अन्य लोग शामिल थे।

## रामनवमी पर्व के अवसर पर मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे सांसद विजय हांसदा, लिया माता का आशीर्वाद



नसीरुद्दीन शेख नासिर

बरहरवाः राजमहल लोकसभा क्षेत्र के युवा सांसद एवं महागठबंधन दल के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा रामनवमी पर्व के अवसर पर मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया व अपने मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मंदिर कमिटी द्वारा उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्री श्री सार्वजनिक मां विंध्यवासिनी मंदिर कमेटी के कार्यकारिणी अध्यक्ष शक्ति नाथ अमन, महासचिव दिनेश कर्मकार, नीलकंठ साह, सुमित भगत, अभिजीत कुमार, गोविंद कुशवाहा, सुशील सेन, बलराम, विक्की कर्मकार, छोटू साहा, सांसद प्रतिनिधि संजीव शामु हेमब्रम, युवा जिलाध्यक्ष संजय गोस्वामी, नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, रितेश भगत, मोनू भगत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भगवान राम के विजय जुलूस से पूर्ण होती है, रामनवमी

चैत्र शुक्ल नवमी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जयंती पर संपूर्ण देश में रामनवमी का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। रामनवमी के अवसर पर देश भर में निकलने वाले जुलूस रात्रि में ही समाप्त हो जाते हैं। वहीं हजारीबाग में रामनवमी के अवसर पर निकलने वाला यह जुलूस नवमी को निकल कर दूसरे दिन विजयदशमी जुलूस के रूप में परिवर्तित हो जाता है। यह विजय जुलूस दशमी की पूरी रात गतिमान रहता है। तीसरे दिन अर्थात ग्यारहवीं के संध्या तक यह रामनवमी का जुलूस समाप्त हो पाता है। भगवान राम का जन्म त्रेता युग में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन हुआ था। हमारे हिंदू धर्म ग्रंथो का कथन है कि भगवान राम विष्णु के अवतार थे। भगवान राम का जन्म समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना और असत्य पर सत्य को स्थापित करने के लिए हुआ था। राम ने अहंकारी रावण का वध कर असत्य पर सत्य की जीत दर्ज किया था।

## पीएम मोदी पर अमर्यादित बयान देने वाले झामुमो नेता के खिलाफ नगर थाना में केस दर्ज



साहिबगंजः झामुमो नेता प्रो. नजरुल इस्लाम के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर दिए गए अमर्यादित बयान पर उनके खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जहां सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर आचार संहिता का उल्लंघन मामले व अमर्यादित भाषा का उपयोग करने को लेकर प्रो. नजरुल इस्लाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसको लेकर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर थाना में कांड संख्या 42/24 दर्ज किया गया है। मालूम हो कि बीते दिनों साहिबगंज रेलवे स्टेशन चौक पर झामुमो पार्टी के द्वारा एकदिवसीय धरना दिया था जहां पर लोगों को संबोधित करते हुए झामुमो नेता प्रो. नजरूल इस्लाम ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विवादित बयान देते हुए कहा था 400 सीट जीतेगा नहीं, 400 फीट गाड़ देंगे इसके बाद यह बयान तुल पकड़ लिया। उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी सहित कई भाजपा के दिग्गज नेताओं ने ट्वीट कर राज्य सरकार से कार्रवाई की मांग की थी। जहां मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने भी कदम उठा लिया है। इधर, इस संबंध में प्रो. नजरुल इस्लाम का कहना है कि मैंने गाड़ देने की बात नहीं, बल्कि गांठ बांधने की बात कही थी। जहां उनके ऊपर लगाया जा रहा इल्जाम निराधार है। इधर सदर बीडीओ सुबोध कुमार ने बताया कि प्रखंड के सीआइ फनेश्वर कुमार, राजस्व कर्मचारी अजय कुमार व पंचायत सचिव सुशील मरांडी को 24 घंटे के अंदर जांच कर रिपोर्ट सबमिट करने का निर्देश दिया गया है।

## सदर अस्पताल का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण, स्वास्थ्य कर्मियों को दिए कई दिशा निर्देश

साहिबगंजः सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के रजिस्टर की जांच की। इसके बाद सिविल सर्जन ने मरीज वार्ड जाकर सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना और पूछताछ किए की स्वास्थ्य कर्मी सही समय पर दवा इलाज करते हैं या नहीं। फिर इसके बाद उन्होंने महिला वार्ड, ओटी का भी निरीक्षण किया। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल में सही समय पर आने का निर्देश दिया और ईमानदारी पूर्वक मरीजों को सेवा देने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल की विधि व्यवस्था दुरुस्त एवं सभी मरीजों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने, समय पर मरीजों का चादर बदलने व साफ सफाई रखने का निर्देश दिया।

## एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन




उज्जवल दुनिया संवाददाता

बोकारो : स्टील प्लांट से अप्रैल 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में ह्लएक नए सफर की शुरूआतह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ डॉ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) समीर कुमार रॉय ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

एच डी एफ सी बैंक से रोहन सिंह तथा रबिश शर्मा ने उपस्थित समूह को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। संगीता कुमारी, ए.सी.टी. (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ.

## राम नवमी का त्योहार धूम धाम के साथ मनाया गया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

चंदनकियारी : चंदनकियारी में राम नवमी त्योहार धूम धाम के साथ मनाया गया। इसके पूर्व झरिया रोड में पेट्रोल पंप के समीप, दहाय महादेव के पास वाले मंदिर के साथ साथ वन विभाग कार्यालय के पास पूजा पाठ करते जुलुस निकाला ब्लॉक रोड में सब्जी मंडी के समीप, गोखुल बांध के समीप स्थित मंदिर, नीचे बाजार दुर्गा मंदिर के पास बजरंग बली मंदिर, ब्लॉक के समीप वाला मंदिर में पहुंचकर सभी मिल गया। जय श्री राम के नारे के साथ चंदन कियारी के सभी रोड का परिभ्रमण कर चंदन कियारी थाना पहुंचें जहां अन्तिम रुप से हैरत अंगेज कारनामे दिखाया गया। बी डी ओ राजीव कुमार सिंह, थाना प्रभारी सरज कुमार, ए इ सूरज कुमार, जे ई राकेश कुमार, समेत अन्य मेजिस्टेट पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर अंबुज महथा, भवेश महथा, विकास मोदक, सोनू कुमार, विकास कुमार, मोनू कुमार, रोहन कुमार, युधिष्ठिरचौधरी, पिंकू चौधरी, बिष्णु चौधरी, दीपक कुमार, भोला बाउरी, संजय कुमार, संदीप साव, विकास कुमार, गौलू कुमार, अमन कुमार, मदन गोराई, आनंद गोराई, धीरज कुमार, अरुण धर, दुर्गा दे, विमल पाल, समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे.

## संकीर्तन को लेकर रानीपुर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



उज्जवल दुनिया संवाददाता

हिरणपुर(पाकुड़): 24 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन को लेकर बुधवार को रानीपुर स्थित गौर मंडप से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में कन्या व श्रद्धालु शामिल थे। जहां सभी भगवाध्वज थामे जयजयकार करते हुए नगर परिक्रमा किया। गाजे बाजे के साथ निकाली गई इस कलश यात्रा से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजक सार्वजनिक कीर्तन कमिटी के सदस्यों के अनुसार संकीर्तन को लेकर अपरान्ह अधिवास होगी। वही 18 से 20 अप्रैल तक कीर्तन मंडलियों द्वारा अखंड नाम कीर्तन व लीला कीर्तन आयोजित होगी। इसमे 24 परगना कोलकाता के सुश्री कोयल, अनूप अधिकारी कोलकाता, मौसमी नाशकर बांकुड़ा बंगाल, श्रवण कुमार गोड्डा, भीम साहा शहरी व प्रह्लाद दास गोपालपुर के कीर्तन मंडलियों द्वारा संकीर्तन की प्रस्तुति की जाएगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडे, पार्टी नेता दानियल किस्कु, जयंत मण्डल, कैलाश सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सार्वजनिक ग्राम रक्षा काली पूजा भक्तिभय माहौल में धूमधाम से मनाया गया

उज्जवल दुनिया संवाददाता



पाकुड़ः जिले के हिरणपुर प्रखंड के कदमटोला गांव मंगलवार को सार्वजनिक ग्राम रक्षा कली पूजा भक्ति श्रद्धा के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। कदमतोला गांव में हरिजन समुदाय के लोगों के द्वारा माँ काली की जोड़ा प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्जना किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रामनवमी के मौके पर डेढ़ सौ साल से लगातार हर वर्ष माँ काली की प्रतिमा को स्थापित कर हरिजन समुदाय के लोगों के द्वारा पूजा अर्जना किया जाता है।

मान्यता है कि सार्वजनिक ग्राम रक्षक काली पूजा वर्षों से चली आ रही है यह पूजा रामनवमी में मां काली की पूजा की जाती है। इस पूजा में बकरा बलि दी जाती है। ग्राम रक्षक काली पूजा परंपरा के अनुसार पूजा के पहले नदी से कलश से जल भर कर मां काली की प्रतिमा स्थापित के जगह कलश को रख कर पूजा अर्चना करते है। ततपश्चात मध्य रात्रि को निशि पूजा का आयोजन होता है जिसमें गांव के पुजारी के द्वारा पाठा बलि दी जाती है। दूसरे दिन की सुबह गांव के लोगों के द्वारा पाठा बली दी जाती। बताया जाता है की पूजा करने वाले पुजारी पर मां काली सँवार होती है और झुपती भी है। सार्वजनिक तौर पर सभी प्रसाद ग्रहण करते है। मान्यता प्राप्त है कि जो भी इस काली मंदिर में मन्नत मांगते हैं वह पूरा होती है पूर्ण होने के बाद लोगों द्वारा अपनी मन्नत को पूरा करने को लीजिए पाठा बलि दी जाती है।

## धूमधाम से मनाया गया रामनवमी पर्व

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हिरणपुर(पाकुड़): प्रखंड में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहाँ लोगो ने पूजा अर्चना कर बजरंगबली की ध्वजा को मंदिर व घरों में लगाया। सुंदरपुर स्थित बजरंगबली मंदिर में पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया गया। जहाँ काफी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित थे। उधर सरकारी मवेशी हाट स्थित मंदिर, देवपुर महावीर मंदिर, तोड़ाई, मोहनपुर, दराजमाथ, डांगापाड़ा, धोवाडांगा आदि जगहों में भी पूजा अर्चना की गई। वही श्रद्धालुओ ने मंदिर व अपने अपने घरों में पूजा अर्चना कर महावीरी ध्वज लगाया। वही कई मंदिर प्रांगण में संकीर्तन की भी आयोजन की गई है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि., काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# लोकसभा चुनावः उत्तराखंड में भाजपा के पास इतिहास रचने का मौका, चुनौती भी कम नहीं

**देहरादून, (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में इस बार उत्तराखंड में भाजपा के पास इतिहास रचने का मौका है। 2014 और 2019 की तरह ही यदि इस बार भी पांचों सीट पर स्कोर 5-0 रहा, तो भाजपा इतिहास रच देगी। उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद ऐसा कोई नहीं कर पाया है। भाजपा इतिहास रचने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है। हर सीट पर वह मजबूत है, लेकिन उसे चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। इन स्थितियों के बीच, मोदी लहर और मजबूत संगठन दो ऐसे आधार हैं, जिसे भाजपा जीत की गारंटी मानकर चल रही है।

उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद सबसे पहले 2004 में चुनाव हुए थे, तब पांच में से भाजपा ने तीन सीटें जीती थीं। इसके बाद, 2009 के चुनाव में पांचों सीटें कांग्रेस के खाते में चली गई थीं। 2014 और 2019 में पांचों सीटें भाजपा ने जीतीं। अब 2024 का चुनाव सामने है, जिसमें भाजपा पांचों सीट जीतकर हैट्रिक लगाने की कोशिश में है। भाजपा हर सीट पर मजबूत है। हरिद्वार, नैनीताल और अल्मोड़ा सीटों पर भाजपा सबसे सहज है। हरिद्वार की बात करें, तो यहां पर वोटों का बिखराव भाजपा को प्लस कर रहा है। भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की राजनीतिक इमेज उनके मुकाबले खडे. हर उम्मीदवार से इक्कीस है। उनका मुकाबला कांग्रेस के विरेंद्र रावत से ही माना जा रहा है, जो कि अपने पिता हरीश रावत के सहारे चुनाव मैदान में संघर्ष कर रहे हैं। बसपा के जमील अहमद और निर्दलीय खानपुर विधायक उमेश कुमार मुकाबले के अलग-अलग कोण उभारने की कोशिश में है। कुल मिलाकर यहां पर वोटों का जबरदस्त बिखराव भाजपा को लाभ प्रदान कर रहा है।

नैनीताल और अल्मोड़ा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में आमने-सामने का मुकाबला है। नैनीताल सीट पर भाजपा के केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के सामने कांग्रेस के प्रकाश जोशी हैं। कांग्रेस यहां पर बहुत बड़ी चुनौती भाजपा के सामने रखती हुई नजर नहीं आ रही है। ये ही स्थिति, अल्मोड़ा सीट पर भी दिख रही है, जहां पर भाजपा से निवर्तमान सांसद अजय टम्टा के सामने कांग्रेस के प्रदीप टम्टा हैं।

टिहरी और पौड़ी गढ़वाल सीट की बात करें, तो यहां दोनों ही जगह भाजपा को विरोधियों से मजबूत चुनौती मिल रही है। दिलचस्प बात ये है कि पौड़ी गढ़वाल में आमने-सामने की लड़ाई है, तो टिहरी में संघर्ष त्रिकोणीय होता जा रहा है। टिहरी सीट पर भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के मुकाबले में कांग्रेस के जोत सिंह गुनसोला और युवा निर्दलीय चेहरा बॉबी पंवार हैं। भाजपा को मजबूत संगठन, प्रचार में तेजी और वोटों के बिखराव से जीत की आस है। मगर दस वर्षों तक लगातार सांसद रहने के बावजूद उसके उम्मीदवार की अपेक्षाकृत सक्रियता न रहने से भाजपा को जीतने के लिए कहीं ज्यादा जोर लगाना पड़ रहा है।

सबसे कांटे का मुकाबला पौड़ी गढ़वाल सीट पर है, जहां पर भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी और कांग्रेस के गणेश गोदियाल आमने-सामने हैं। दोनों उम्मीदवारों की अपनी-अपनी खासियत है, जो मुकाबले में रोमांच पैदा कर रही है। मोदी-शाह से करीबी की वजह से बलूनी उत्तराखंड भाजपा की राजनीति में वह हैसियत प्राप्त कर चुके हैं, जहां पर किसी के लिए भी उन्हें नजरअंदाज करना संभव नहीं है। दूसरी तरफ, कांग्रेस के गणेश गोदियाल हैं, जो कि अपनी खुद की जुझारू छवि की बदौलत भाजपा को दमदार चुनौती दे रहे हैं। इन स्थितियों के बीच, भाजपा ने अपने तमाम स्टार प्रचारकों को उत्तराखंड में उतार कर इतिहास रचने के अपने संकल्प को सामने रखा है। चुनाव के नतीजे क्या

## कृषि मंत्री राम विचार नेताम के बयान पर कांग्रेस ने किया पलटवार

**रायगढ़,(एजेंसी)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला व गोंड आदिवासी समाज के अध्यक्ष दयाराम धुर्वे ने प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम के उस बयान पर जिसमें कहा गया है कि मिश्रा जी कब से आदिवासी हो गए पर पलटवार कर ऐतराज जताया है।

कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि हमारी सांसद प्रत्याशी डॉ मेनका देवी सिंह है न कि उनके पति डॉ परिवेश मिश्रा है ।कांग्रेस द्वारा घोषित रायगढ प्रत्याशी डॉ मेनका देवी सिंह की जाति को लेकर की गई टिप्पणी पर जवाब देते हुए विज्ञप्ति में कहा गया कि भाजपा, रायगढ सीट में बडे अंतर से पराजित होने वाली है जिसके चलते भाजपा के नेताओं को बौखलाहट हो रही है तभी वे उल जुलूल बयान देकर स्वयं को संतुष्ट करने में लगी है।

अनिल शुक्ला व दयाराम ध्रुर्वे ने आगे कहा कि हमारी प्रत्याशी विशुद्ध आदिवासी है । उनके चुनाव जीवन को स्वतंत्रता पूर्वक व्यतीत करने की इजाजत भारत का संविधान उन्हें देता है। जिसमें उनके परिवार व उनके पति के परिवार को कोई आपत्ति नहीं है व उन्हें सामाजिक रूप से भी स्वीकार्यता है। ऐसे में कृषि मंत्री राम विचार नेताम द्वारा उन पर इरादतन सामाजिक टिप्पणी राजनीतिक द्वेष की मंशा से की गई है जिसका कि हम कांग्रेस पार्टी की ओर से कड़े शब्दों में निंदा करते है ।कांग्रेस नेताओं ने आगे कहा कि नेताम जी को ये जानकारी होगी कि कांग्रेस पार्टी 135 वर्षों से भी अधिक पुरानी पार्टी है और जिसका एक गौरवशाली इतिहास भी है ।कांग्रेस पार्टी देश के संविधान और चुनाव आयोग द्वारा आरक्षित व सामान्य सीटों पर प्रत्याशी का चयन हर पहलूओं को ध्यान रख विधि अनुरूप करती है किसी भी सीट पर किसी ऐसे प्रत्याशी का चयन नहीं करती जो विधि विरुद्ध हो। अतएव एक संवैधानिक पद में बैठकर सामाजिक भेद भाव और नफरत का जहर फैलाने वाली टिप्पणी हमारे सांसद प्रत्याशी डॉ मेनका सिंह पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम द्वारा केवल दुर्भावना के चलते करना और बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया में सार्वजनिक करना उन्हें शोभा नहीं देता। मंत्री राम विचार नेताम द्वारा कही गई जातिगत टिप्पणी से सम्पूर्ण गोंड आदिवासी महिलाओं का अपमान हुआ है

## छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की डबल बेंच का बड़ा फैसला, प्रमोशन में आरक्षण निरस्त

**रायपुर/बिलासपुर, (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण के मामले में 2019 की राज्य सरकार के आदेश को पूरी तरह से निरस्त कर दिया है। इससे पहले अदालत ने इस पर रोक लगाई थी। यह फैसला चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और एनके चंद्रवंशी की डबल बेंच ने किया है ।प्रमोशन में आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने दायर कई याचिकाओं पर 5 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और एनके चंद्रवंशी की डबल बेंच ने मंगलवार को याचिका का निराकरण करते हुए अपने फैसले में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश को लागू करने में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निदेर्शों का पालन नहीं किया था ।दरअसल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल के शासनकाल में राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर, 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। इस नोटिफिकेशन के तहत प्रथम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी। इसमें अनुसूचित जाति को 13 फीसदी, अनुसूचित जन जाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई थी ।नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया था कि यह आरक्षण प्रथम श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति होने, द्वितीय श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति और तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नत होने पर दिया जाएगा। राज्य सरकार की इस अधिसूचना के खिलाफ रायपुर के एस. संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाई कोर्ट में चुनौती दी। साथ ही अन्य याचिकाएं लगाई गई थीं, जिसमें कहा गया कि पदोन्नति में आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के दिशा- निदेर्शों और आरक्षण नियमों के खिलाफ है। इसलिए राज्य शासन के नोटिफिकेशन को निरस्त करने की मांग की गई थी। राज्य शासन की तरफ से 2 दिसंबर, 2019 को स्वीकार किया गया कि अधिसूचना तैयार करने में गलती हुई है। कोर्ट ने इस गलती को सुधारने के लिए एक हफ्ते का समय दिया, पर कोई कार्रवाई नहीं की हुई। इसके बाद हाई कोर्ट ने अधिसूचना पर रोक लगाते हुए और सरकार को नियमों के अनुसार दो महीने के भीतर फिर से नियम बनाने को कहा।

## कलेक्टर व एसपी ने गुलाब फूल भेंटकर मतदान दलों को किया रवाना

**जगदलपुर, (एजेंसी)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पी-2 के 64 मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर से आज बुधवार को मतदान सामग्री का वितरण कर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा मतदान दलों के सदस्यों को गुलाब फूल भेंट कर शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं देते रवाना किया गया।

कलेक्टर ने सभी वितरण केंद्रों के स्टाल में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान दलों के सदस्यों से रूबरू होकर उन्हें सभी मतदान सामग्री का मिलान कर मतदान केन्द्रों हेतु प्रस्थान करने की समझाइश दी। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रातः 07 बजे से वितरण किया गया, सामग्री मिलने के बाद मतदान कर्मचारी मौका मिलान कर अपने दलों के सदस्यों और सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों में रवाना हुए। तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर्स ने सामग्री वितरण व्यवस्था को निर्बाध करवाते हुए मतदान दलों को वाहनों से रवानगी करवाई गई। पी-2 के तहत विधानसभा नारायणपुर के 07, बस्तर के 04, जगदलपुर के 13 और चित्रकोट विधानसभा के 40 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया।

## नक्सलियों ने भाजपा नेताओं को दी चेतावनी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार न करें

**दंतेवाड़ा/रायपुर, (एजेंसी)** ।छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बीती रात हुई मुठभेड़ के बाद अब नक्सली बौखला गए हैं ।नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार न करने को लेकर भाजपा नेताओं को चेतावनी दी है। नक्सलियों ने चेरपाल में पर्चे भी लगाए हैं। पर्चा चस्पा कर नक्सलियों ने कहा कि प्रचार करने वालों को मौत की सजा दी जाएगी। बता दें कि यह मामला दंतेवाड़ा बारसूर थाना इलाके का है। जहां नक्सलियों के इस पर्चे के बाद से ग्रामीण दहशत में आ गए हैं।

नक्सलियों में16 लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर विनोद भी शामिल-ज्ञात हो कि मंगलवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटे बेठिया इलाके के अबूझमाड़ स्थित कलपर के पहाड़ी में सुरक्षाबलों के हाथों मारे गए 29 नक्सलियों में से एक मोहला दलम कमांडर विनोद भी शामिल है ।विनोद गावड़े मोहला दलम का कमांडर रहा है। वहीं राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन में काम कर चुके एक कुख्यात नक्सली दिवाकर गावड़े के भी मारे जाने की खबर है ।राजनांदगांव रेंज आइजी दीपक झा ने बताया कि नक्सली कमांडर विनोद गावड़े16 लाख रुपये का इनामी नक्सली था ।विनोद गावड़े की मारे जाने की खबर से एमएमसी जिले की पुलिस काफी उत्साहित है। उसकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी। दलम कमांडर के तौर पर विनोद ने न सिर्फ एमएमसी जिले में, बल्कि सीमावर्ती गढ़चिरौली जिले में भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया ।पुलिस ने शंकर राव, ललिता मरावी, विनोद गावड़े और दिवाकर गावड़े की शिनाख्ती कर ली है ।इस बड़े नक्सल आपरेशन में कांकेर पुलिस के 167 जवान, बीएसएफ के 20 और अतिरिक्त फोर्स के 30 जवान शामिल थे।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री विजय बघेल ने आलोचना करते हुए कहा कि माओवादी संगठन ने अपने पत्र में भी 50 नक्सलियों के मारे जाने की बात कबूली है ।ऐसे में भूपेश बघेल का बयान दुर्भाग्यजनक है ।उनको अपने बयान पर जवानों से माफी मांगना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश की सफाई - पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुरक्षाबलों के द्वारा 29 नक्सलियों के मारे जाने की घटना को ह्यफर्जीह्ण बताए जाने वाले बयान पर बुधवार को अपनी सफाई दी है ।उन्होंने इसे सुरक्षा बल की बड़ी कामयाबी करार देते हुए इसके लिए जवानों को बधाई दी ।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पूर्व घटित नक्सल घटना को लेकर दिए गए मेरे बयान को अभी की घटना से जोड़ कर बताया गया है ।यह बेहद दुर्भाग्य जनक है ।उन्होंने कहा कि मैंने फर्जी मुठभेड़ की बात पूर्व घटित घटना के विषय में कहा था, जिसमें ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाए थे ।अभी 29 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों से मार गिराया है,

## कांग्रेस की घोषणाएं ,महिलाओं के साथ भद्दा मजाक-भाजपा

**रायपुर, (एजेंसी)** ।बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय सचिव व महासमुंद की पूर्व नपा अध्यक्ष अनिता रावटे, महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कदम-कदम पर महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया और जो 500 रु महिलाओ को नहीं दे पाए आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रहे है कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में बुधवार को आहूत पत्रकार वार्ता में महिला नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस कांग्रेस की भूपेश सरकार ने महिलाओं को 500 और 1,000 रुपए देने का वादा करके एक रुपया तक पूरे पाँच साल के शासनकाल में नहीं दिया, वह कांग्रेस अब देशभर की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की बात किस मुँह से कर रही है? कांग्रेस देश को यह बताए कि महिलाओं को 50 लाख करोड़ रुपए सालाना वह कैसे देगी, जबकि देश का कुल बजट ही इतनी राशि का होता है।


भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में जब गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया, तभी मन में आ गया था कि इस पार्टी में नहीं रहना है। कांग्रेस ने गंगाजल की सौगंध लेकर प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था, पर कांग्रेस की भूपेश सरकार को ही शराब की लत लग गई। शराबबंदी के नाम पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने वाली कांग्रेस की सरकार ने उसमें दो हजार करोड़ रुपये का घोटाला तक कर डाला। कांग्रेस ने महतारी सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपए और विधवा व वृद्ध महिलाओं को 1,000 रुपए देने का वादा किया था लेकिन पाँच साल में एक रुपया तक महिलाओं को नहीं दिया गया। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि कांग्रेस ने महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ करने तथा महिला स्व-सहायता समूहों को धोखाधड़ी से बचाने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु सख्त नियम बनाने की बात कही थी लेकिन उन समूहों का कर्ज माफ तो किया नहीं, उल्टे रेडी टू ईट योजना का काम छीनकर इस कार्य में लगी महिलाओं को रातोरात बेरोजगार कर दिया।

भाजपा नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गम्भीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी और वादा किया था कि प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित किया जाएगा जिसमें महिला अपराधों से सम्बन्धित स्वतंत्र जाँच की जाएगी। लेकिन कांग्रेस के पूरे पाँच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आँखें मूंदे बैठी रही

## अबूझमाड़ में मतदान दल 20 से 25 किलोमीटर पैदल चलकर पूरी करेंगे लोकतांत्रिक प्रक्रिया

**नारायणपुर, (एजेंसी)।** बस्तर संभाग के सुदूर अबूझमाड़ गांव चुनौतीपूर्ण इलाके के बीच 2024 के लोकसभा चुनाव 19 अप्रेल के लिए तैयार है। बस्तर के अबूझमाड़ में बसे दूरदराज के गांव ऊबड़-खाबड़ इलाकों और परिवहन संबंधी चुनौतियों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

पूरे अबूझमाड़ क्षेत्र में फैले 236 गांवों के साथ, चुनाव अधिकारियों ने 34,950 की आबादी में रहने वाले 25,538 मतदाताओं के लिए 32 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन गांवों तक पहुंचने की कठिन यात्रा मतदान दल के लिए एक साहसिक काम है, जिन्हें चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए 20 से 25 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। इसी तरह, मतदाताओं को भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उसी कठिन यात्रा



का सामना पडगा।

ऐसा ही एक गांव बड़े पेंदा, जिसमें 41 पुरुष और 44 महिलाओं सहित 85 मतदाताओं की मामूली आबादी है, मतदाताओं और अधिकारियों दोनों के सामने आने वाली चुनौतियों का उदाहरण है। साजो-सामान संबंधी बाधाओं के बावजूद, लोकतंत्र की भावना अडिग बनी हुई है, ग्रामीण उत्सुकता से अपने मत डालने की बारी का इंतजार कर रहे हैं। इन दूरदराज के इलाकों में चुनाव की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है, जो देश के हर कोने में चुनावी प्रक्रिया निभाएंगें।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव : मतदान के उपरांत सेल्फी विथ फैमिली थीम पर सेल्फी प्रतियोगिता

**जगदलपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के तहत मतदान दिवस 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला प्रशासन बस्तर द्वारा सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए सपरिवार वोट देकर मतदान केंद्र के समीप सपरिवार सेल्फी लें। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सपरिवार वोट देकर सेल्फी विथ फैमिली एक साथ फोटो लेकर 92440-79533 मोबाइल नंबर में व्हाट्सएप कर दें। सबसे अच्छी फोटो भेजने वाले व्यक्ति को प्रशासन द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

### बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित

**जगदलपुर, (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में समाहित अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक समय नियत किया गया है।

आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 07 बजे से सायंकाल 05 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 07 बजे से सायंकाल 05 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान होगा।

### एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

**जगदलपुर, (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है।

कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

### इनामी नक्सली शंकर व महिला नक्सली ललिता के साथ कुल 29 नक्सली मारे गये : सुंदरराज पी.

**कांकेर, (एजेंसी)।** जिले के थाना छोटेबेटिया क्षेत्र अंर्तगत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में मंगलवार को हुए मुठभेड़ के बाद आज बुधवार को कांकेर पुलिस ने प्रेसवार्ता के माध्यम से पूरे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि इस वर्ष नक्सल मोर्चे पर उन्हे कई बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसमे सबसे बड़ी सफलता मंगलवार को छोटेबेटिया के माड़ इलाके में बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में 04 घंटे चली मुठभेड़ में 15 महिला नक्सली एवं 14 पुरुष नक्सली के साथ कुल 29 नक्सलियों को मार गिराने में कामयाबी मिली है। फिलहाल सभी नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई हैं, शिनाख्तगी की प्रक्रिया चल रही हैं। इसमें प्रारंभिक तौर पर इस मुठभेड़ में डीव्हीसी रेंक के दो नक्सली जिसमें 25 लाख का इनामी नक्सली शंकर राव और 10 लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली ललिता भी मारी गई है जिसकी शिनाख्त हो गई है। इसके साथ ही पुलिस ने 02 इंसास 01 एसएलआर, 01 एके 47, और 01 कार्बाईन 02 पिस्टल 09 एमएम सहित 30 से ज्यादा अत्याधुनिक हथियार एवं नक्सल सामग्री भी बरामद किये है। उन्होने कहा कि इस मुठभेड़ में पुलिस को कोई क्षति नहीं हुई यह उनकी बड़ी उपलब्धि है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने दावा किया कि बीते तीन महीनों के भीतर उन्होंने 71 नक्सलियों को मार गिराया हैं, इनमें जयादातर वदीर्धारी नक्सली शामिल रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव : मतदान दलों के लिए मोबाईल चार्जिंग की भी व्यवस्था रहेगी

**रायपुर, (एजेंसी)।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निदेर्शानुसार निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मतदान केंद्रों में मतदान दलों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को जिम्मेदारी दी गई है।

श्री मिश्रा ने कहा कि निगम क्षेत्र अंतर्गत शहर में 750 मतदान केंद्र हैं। इन मतदान केंद्रों में पंखा और लाईट की व्यवस्था पहले ही कर ली जाए। स्वीच बोर्ड यदि क्षतिग्रस्त हो तो तत्काल बदल दिया जाए। मोबाईल चार्जिंग की भी व्यवस्था रखी जाए। मतदान के एक दिन पूर्व 6 मई की पूर्व संध्या में प्रत्येक मतदान कर्मी के लिए एक नग गद्दा एक नगर चादर , एक नग बाल्टी और मग्गे की व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए गए। साथ पेयजल के लिए 10 का कंटेनर रखने और मतदाताओं के लिए छाया हेतु पंडाल लगाने के लिए भी कहा गया।

### सफाई मित्र वाहनों के साथ चलेंगी स्वच्छता दीदियाँ

**रायपुर, (एजेंसी)।** रायपुर नगर निगम द्वारा नागरिकों से सूखा और गीला कचरा अलग - अलग लेने के लिए रामकी की हर गाड़ी के साथ सफाई दीदियों के चलने की योजना बनाई गई है। अब हर गाड़ी के पीछे - पीछे चलकर सफाई दीदियाँ नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग - अलग कर देने के लिए जागरूक करेंगी।

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम निगम मुख्यालय भवन में अपर आयुक्त द्वय विनोद पांडे, राजेन्द्र गुप्ता और स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही ने बैठक ली। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अधिकारियों समेत सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी तथा वार्ड निरीक्षक भी शामिल थे। स्वास्थ्य अधिकारी पाणिग्रही ने बताया कि बैठक में कचरे के निपटारे पर योजना बनाई गई। साथ ही शहर भर में नागरिकों के घरों से निकले सूखा और गीला कचरा अलग - अलग लेने पर जोर दिया गया। कचरा लेने आई रामकी की गाड़ियों में पुरूष रहते हैं। आमतौर पर देखा जाता है कि ये सफाई मित्र गीला और सूखा कचरे को नागरिकों को अलग - अलग रखने की बात नहीं करते हैं और मिश्रित कचरे को एक साथ ले लेते हैं। निगम कमिश्नर मिश्रा के निर्देश पर रामकी की प्रत्येक वाहन के पीछे सफाई दीदियों को भेजा जाएगा। ये दीदियाँ नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग - अलग कर देने के लिए प्रेरित करेंगी।

शहर में कचरे की सफाई को लेकर 12 अप्रैल को भी बैठक लेकर प्रतिवेदन बनाया गया था।